हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026

तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 14.5 डिग्री

14 बिजली का फिर महंगा होना तय हंगामाखेज...



14 महापौर ने जल बोर्ड के अभियंताओं की ली बैठक...



*प्रथम पाली के लिए 366 तथा द्वितीय पाली के लिए 656 परीक्षा केंद्र*

# दो वर्ष पश्चात शिक्षक पात्रता परीक्षा, 3 लाख 23 हजार होंगे शामिल, रायपुर से अधिक अभ्यर्थी बिलासपुर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल दो वर्ष पश्चात शिक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। फरवरी माह में यह परीक्षा होगी। इसके लिए प्रदेशभर से 3 लाख 23 हजार 183 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सर्वाधिक आवेदन बिलासपुर जिले से प्राप्त हुए हैं, जबकि दूसरे स्थान पर रायपुर है। प्रदेश में प्रथम पाली में 1,18,642 तथा द्वितीय पाली में 2,04,541 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इनमें कुछ अभ्यर्थी ऐसे भी हैं, जो दोनों पाली की परीक्षा में शामिल होंगे। पहली पाली की परीक्षा में रायपुर में 15,573 तथा दूसरी पाली की परीक्षा में 30,346 अभ्यर्थी शामिल ⏭ शेष पेज 13 पर

### पदोन्नति के लिए अनिवार्य है टेट


ऐसे शिक्षक जिन्होंने यह पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, उनके लिए इसे क्वालीफाई करना अनिवार्य कर दिया गया है। बीते वर्ष सितंबर माह में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार, पदोन्नति प्रदान करने शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा पास ⏭ शेष पेज 13 पर



### अन्य निर्देश पूर्ववत

परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9.30 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए अभ्यर्थी शामिल होंगे। द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से 5.45 बजे तक होगी, जिसमें माध्यमिक कक्षाओं के लिए ⏭ शेष पेज 13 पर

## लगातार पश्चिमी विक्षोभ से दस डिग्री से ऊपर हुआ न्यूनतम तापमान



**रायपुर।** एक के बाद एक आने वाले पश्चिमी विक्षोभ की वजह से रात का तापमान राज्य में दस डिग्री से ऊपर हो गया है। अभी मामूली उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी मगर तापमान में अब बड़ी गिरावट होने की संभावना काफी कम है। अभी माना ⏭ शेष पेज 13 पर

- मामूली उतार-चढ़ाव पर बड़ी गिरावट अब नहीं

# बख्शे गए बड़े अफसर... मातहतों पर फूटा 660 करोड़ के महाघोटाले का ठीकरा, दस महीने से जेल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी की मिलीभगत से अंजाम दिए गए 660 करोड़ के महा घोटाले में अब तक किसी बड़े अफसर पर गाज नहीं गिरी है। घोटाले का ठीकरा हेल्थ डिपार्टमेंट के एक और दवा निगम के चार मैदानी अधिकारियों पर ही फूटा है। जांच एजेंसी द्वारा दस महीने पहले उनकी गिरफ्तारी की गई थी, तब से वे जेल में हैं। इस घोटाले का मास्टर माइंड सालभर पहले बंदी बनाया गया था और उसके तीन साथियों को सोमवार को पकड़ा गया है।

मरीजों को प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्र में जांच की सुविधा प्रदान करने के लिए अरबो रुपये की जांच मशीन और उससे संबंधित रीएजेंट की खरीदी की साजिश रची गई। घोटाला खुलने के बाद इसकी जांच हुई और पिछले साल जनवरी में महाघोटाले के कर्ता-धर्ता के रूप में मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा को पकड़ा गया था। इसके बाद मार्च में स्वास्थ्य संचालनालय से जुड़े डाक्टर और दवा निगम के चार अधिकारियों को दबोचा गया। इनकी गिरफ्तारी के बाद इस बात का अनुमान लगाया जा रहा था कि जांच की आंच विभाग से जुड़े अन्य अधिकारियों पर भी आएगी, जिनकी सहमति के बिना स्वास्थ्य विभाग और दवा निगम में कोई खरीदी नहीं हो सकती। इसके लिए तात्कालीन संचालक स्वास्थ्य सेवाएं और ⏭ शेष पेज 13 पर


660 करोड़ के सीजीएमएससी घोटाले में तीन और धरे गए

- आए थे पूछताछ के दायरे में, रीएजेंट और उपकरण खरीदी की आड़ में हुआ था घोटाला
- घोटाले का मास्टर माइंड सालभर से जेल में, तीन साथियों की सोमवार को हुई गिरफ्तारी

### 8.50 की ट्यूब 2352 में

इस घोटाले में लाभ कमाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ा गया था। दवा कार्पोरेशन के अफसरों ने बाजार में केवल 8.50 पैसे में मिलने वाले ईडीए ट्यूब को 2352 रुपये प्रति नग के हिसाब से खरीदा था। इसी तरह बाजार में पांच लाख रुपए में आने वाली सीबीसी मशीन की कीमत इनके द्वारा 25 लाख रुपए लगाई गई थी। खरीदी की साजिश में जो रीएजेंट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक भेजा गया था, वो उपयोग के बिना रखी-रखी खराब हो गई थी।

### कोड का जाल बाकी

घोटाला खुलने के बाद मोक्षित कार्पोरेशन के इंजीनियरों ने कई स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर सप्लाई की गई सीबीसी मशीन को कोडलॉक कर दिया था। इससे संबंधित मशीन उसी कंपनी के रीएजेंट की मोहताज हो गई थी। इन मशीनों में कोड का जाल अभी भी बाकी है, जिसे हटाने के लिए सीजीएमएससी नई एजेंसी से अनुबंध करने के प्रयास में जुटा है। मशीनों का पूरा उपयोग नहीं होने के कारण मरीजों को कई टेस्ट के लिए बड़े अस्पताल के चक्कर लगाना पड़ रहा है।






## दिल्ली में सीएम साय सहित भाजपा नेताओं ने बृजमोहन के आवास पर किया रात्रि भोज

रायपुर। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के दिल्ली स्थित आवास पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के भाजपा नेताओं ने रात्रिभोज किया। इस अवसर पर सांसद अग्रवाल ने न सिर्फ सभी का स्वागत किया, बल्कि पुष्प गुच्छ देकर सबका सम्मान भी किया। भोज में केंद्रीय शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा और उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश के केदार कश्यप, गजेन्द्र यादव, दयालदास बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, सांसद संतोष पांडेय, विजय बघेल, कमलेश जांगड़े, विधायक विक्रम उसेंड़ी, पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय, विधायक लता उसेंडी, पूर्व विधायक पुन्नूलाल मोहले, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव, पूर्व विधायक नारायण चंदेल, बालमुकुंद देवांगन व भूपेन्द्र सवन्नी शामिल हुए।



# नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपा में जश्न

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नवीन के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर एवं जिला कार्यालय एकात्म परिसर में आतिशबाजी कर एवं ढोल नगाड़े बजाकर जश्न मनाया।



इस अवसर पर प्रदेश मंत्री यशवंत जैन, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, कैबिनेट मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, राजेश अग्रवाल, लक्ष्मी रजवाड़े, विधायक सुनील सोनी, राम गर्ग, जयंती पटेल, संध्या परगनिहा, अशोक बजाज, नलिनीश ठोकने, उज्जवल दीपक, राजेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र पाटनी, जिलाध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, डॉ. सलीम राज, अंजय शुक्ला, संजूनारायण सिंह ठाकुर, अमित मैशरी, तुषार चोपड़ा, कृतिका जैन, विशाल पांडेय, अंकित द्विवेदी, वासु शर्मा, अश्वनी विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे। एकात्म परिसर में प्रदेश महामंत्री डॉ नवीन मार्कंडेय, विधायक पुरंदर मिश्रा, भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू, अपेक्स बैंक अध्यक्ष केदार गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता छगन मूंदड़ा, गुंजन प्रजापति, अमित चिमनानी, अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, जिला उपाध्यक्ष अकबर अली, ललित जयसिंघ, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### नितिन नवीन को प्रदेश के मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने दी बधाई

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नितिन नवीन को प्रदेश सरकार के मंत्रियों सहित भाजपा के समस्त वरिष्ठ नेताओं, सांसदों, विधायकों, जनप्रतिनिधियों, निगम-मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बधाई देते हुए कहा, यह बहुत गर्व की बात है कि एक युवा नेता के रूप में श्री नवीन ने आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व ग्रहण किया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने श्री नवीन को बधाई देते हुए कहा, भाजपा आज ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक रूप से सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसके 18 करोड़ से ज्यादा प्रमाणित सदस्य हैं। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, एक युवा नेता होने के नाते श्री नवीन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनाएगा और पार्टी के आदर्शों को ऊंचाई प्रदान करेगा।

# कैबिनेट आज, पुलिस कमिश्नरी के प्रस्ताव पर लगेगी मुहर

रायपुर। कैबिनेट की बैठक में रायपुर पुलिस कमिश्नरी प्रणाली के अधिकार क्षेत्र और प्रशासनिक सीमाओं के निर्धारण को अंतिम मंजूरी दी जा सकती है। यदि प्रस्ताव स्वीकृत होता है, तो राजधानी रायपुर के साथ-साथ नवा रायपुर को भी पुलिस कमिश्नरी क्षेत्र में शामिल किया जा सकता है। अन्य विभागीय प्रस्तावों पर भी अहम फैसले लिए जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में सुबह 11.30 बजे कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है। बैठक में अगर पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू होने पर मुहर लगती है, इससे पुलिस प्रशासन को त्वरित निर्णय लेने और अपराध नियंत्रण में अधिक अधिकार मिलेंगे। व्यवस्था के तहत पुलिस आयुक्त को मजिस्ट्रेटी शक्तियां भी प्राप्त होंगी, जिससे कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में तत्काल कार्रवाई संभव हो सकेगी।

### धान खरीदी की गड़बड़ियों पर समीक्षा

इसके अलावा धान खरीदी, धान के उठाव और स्टॉक मिलान में सामने आ रही गड़बड़ियों की भी समीक्षा की जाएगी। हाल के दिनों में धान खरीदी से जुड़े मामलों में अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई हैं। कैबिनेट इस विषय पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दे सकती है।


























# नारी शक्ति के मिलन और आपसी प्रेम का प्रतीक है हल्दी-कुमकुम पर्व : शिवारे

## हल्दी-कुमकुम उत्सव में उमड़ा महिलाओं का सैलाब, अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवां

ग्राम टांडा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में आज बोहरही धाम मंडल और धरसीवां महिला मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में पारंपरिक हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों सहित गांव की स्व-सहायता समूह की बहनों और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी और कुमकुम का तिलक लगाकर अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर पारंपरिक तिल प्रसादी का वितरण भी किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोहरही धाम मंडल की महामंत्री श्रीमती रुक्मणी शिवारे ने अपने उद्बोधन में कहा कि हल्दी-कुमकुम का यह पर्व केवल एक परंपरा नहीं है, बल्कि यह नारी शक्ति के मिलन और आपसी प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि /"हमारी संस्कृति में महिलाओं का स्थान सर्वोपरि है और ऐसे आयोजनों से समाज में एकता का संचार होता है। आज के समय में महिलाओं का संगठित होना जरूरी है ताकि वे अपने अधिकारों और विकास के प्रति जागरूक हो सकें।/" उन्होंने सभी बहनों को अखंड सौभाग्य की शुभकामनाएं देते हुए सामूहिक प्रगति का आह्वान किया।



### सामाजिक समरसता के लिए एक सराहनीय कदम

इस गरिमामयी आयोजन में उपाध्यक्ष श्रीमती अनुपमा वर्मा, महामंत्री किरण साहू, खोंम बाई साहू, मुनिया साहू, राधिका साहू, मीना साहू और शांमबाई साहू जैसी प्रमुख नेत्रियां उपस्थित रहीं। साथ ही, सरकारी अमले से महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर निशा मैडम ने भी शिरकत कर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उषा वर्मा, सरिता यादव, कुसुम वर्मा और सहायिका जमुना साहू व निर्मला साहू का विशेष योगदान रहा। आयोजन के अंत में उपस्थित सैकड़ों महिलाओं ने इस पारंपरिक उत्सव की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता के लिए एक सराहनीय कदम बताया।

## खबर संक्षेप

### मदर्स प्राइड स्कूल में आज वार्षिकोत्सव

**आरंग।** मदर्स प्राइड स्कूल हाई स्कूल, आरंग में 21 जनवरी को वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत देशभक्ति डांस, क्लासिकल डांस, नुक्कड़ नाटक, संस्कृति से संबंधित नृत्य इत्यादि की प्रस्तुति हमारे बच्चों द्वारा दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ध्रुव कुमार मिर्धा (अध्यक्ष, चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड, छग), अध्यक्षता नगर पालिका आरंग के अध्यक्ष संदीप जैन करेंगे। साथ मे अनुभवी एवं गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

### पंचायत उल्बा में मड़ई कल

**अभनपुर।** ग्राम पंचायत उल्बा में 22-23 जनवरी को दो दिवसीय उल्बहीनदाई महोत्सव एवं मंडाई का आयोजन होगा। सरपंच एवं भाजपा नेता नेहरू साहू ने जानकारी देते बताया कि 22 जनवरी को विधायक इंद्र कुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ तथा 10 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू जी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉक्टर वर्णिका शर्मा, भाजपा कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज सहित अन्य अतिथि शामिल होंगे शाम को गंगा आरती एवं मितानिन, प्रतिभावान छात्रों एवं वरिष्ठ जनों के सम्मान समारोह होगा वही 23 जनवरी को मंडई मिलन समारोह में पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू सहित जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

### निधन

### ओमप्रकाश साहू

**आरंग।** ग्राम कुरुद (कुटेला) निवासी ओमप्रकाश साहू का सोमवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे अमृत साहू के पुत्र, शकुन साहू के पति व गगन साहू के पिता थे।

## खिलोरा में शिव महापुराण कथा, गूंजी महादेव की महिमा

# शिवमहापुराण के श्रवण से मन के सारे तर्क शंकाएं समाप्त हो जाती हैं : युवराज पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम खिलोरा में इन दिनों भक्ति की गंगा बह रही है। राष्ट्रीय कथावाचक पंडित युवराज पाण्डेय के मुखारविंद से आयोजित शिवमहापुराण कथा के दौरान श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। कथा के दौरान पंडित पाण्डेय ने महादेव के अनंत स्वरूप और शिवपुराण की महिमा का ऐसा वर्णन किया कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

कथावाचक पंडित युवराज पाण्डेय ने शिव महिमा का बखान करते हुए कहा कि भगवान शिव का चरित्र शब्दों की सीमा से परे है। उन्होंने एक सुंदर उदाहरण देते हुए कहा, "यदि सातों समुद्रों के जल को स्याही, कल्पवृक्ष की डाल को लेखनी और संपूर्ण आकाश को कागज बना दिया जाए और स्वयं माता सरस्वती अनादि काल तक लिखती रहें, तब भी महादेव की संपूर्ण लीलाओं का वर्णन नहीं किया जा सकता। उन्होंने शिव को अनादि, अनंत और इंद्रियातीत बताते हुए कहा कि पृथ्वी के धूल के कण तो गिने जा सकते हैं, लेकिन शिव के गुणों का पार पाना असंभव है।



### तीन प्रकार की आत्माओं का होता है कल्याण

पंडित जी ने शिवमहापुराण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कथा जीवात्मा, प्रेतात्मा और पापात्मा तीनों का कल्याण करने वाली है। जिस प्रकार सूर्य के उदय होते ही अंधकार नष्ट हो जाता है, ठीक उसी प्रकार शिवमहापुराण के श्रवण मात्र से मन के सारे तर्क, शंकाएं और जीवन की उलझनें स्वतः समाप्त हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि शिव कथा सुनने का सौभाग्य केवल एक जन्म के पुण्य से नहीं, बल्कि अनेक जन्मों के संचित पुण्यों के उदय होने पर ही मिलता है।

### भजनों पर झूमे श्रद्धालु

कथा के दौरान पंडित पाण्डेय ने अपनी सुमधुर वाणी में शिव भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। आयोजन के मुख्य सूत्रधार गंगाधर अग्रवाल ने बताया कि इस भव्य आयोजन का एकमात्र उद्देश्य समाज को भगवान शिव की भक्ति की ओर प्रेरित करना और क्षेत्र में सुख-शांति की कामना करना है।

### तरपोंगी में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

तरपोंगी। स्थानीय बुधवारी बाजार चौक तरपोंगी में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओ एवं बच्चियों ने हिस्सा लिया। कथा के प्रवचन कर्ता पं लिखेश्वर महराज तरपोंगी वाले है। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक है।



# कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्षों ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा शहर कांग्रेस व ग्रामीण अध्यक्ष ने कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम में पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पु बंजारे पाठ्य पुस्तक पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी .पर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधयक जनक राम वर्मा बतौर अतिथि शामिल हुए।इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। कांग्रेस कमिटी ने तिल्दा शहर कांग्रेस का अध्यक्ष अजितेश शर्मा व ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष बलदाऊ साहू को नियुक्त किया गया है। पदभार ग्रहण करवाते हुए कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प दिलाया। समारोह में जिला अध्यक्ष पप्पु बंजारे ने कहा कि दोनों अध्यक्षों की नियुक्ति कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की इच्छा के अनुरूप, पूर्णतः लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त अध्यक्ष हर एक कार्यकर्ता को साथ लेकर संगठन को मजबूत करेंगे और जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी भूमिका निभाएंगे। शैलेश नितिन त्रिवेदी ने इनका पदभार ग्रहण है, 2028 में कांग्रेस सरकार का शपथ ग्रहण हम सभी मिलकर करवाएंगे।



पदभार ग्रहण कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फैल है। उन्होंने कहा कि आज नक्सल मामलों में जो सफलता मिल रही है, वह कांग्रेस सरकार के दौरान बनाई हुई नीतियों का ही नतीजा है।कार्यक्रम के दौरान पूर्व शहर अध्यक्ष देवदास टंडन ने नवनियुक्त अध्यक्ष को औपचारिक रूप से पदभार सौंपा.

शपथग्रहण कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष अजितेश और बलदाऊ का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत कर बधाइयां दीं। दोनों अध्यक्ष ने कहा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा और सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका में लाया जाएगा। आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का परचम लहराया जाएगा। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओम गोयल, मोतीलाल हिंदूजा, लक्ष्मी नारायण वर्मा, ओम ठाकुर प्रकाश मेघानी के कृष्णमूर्ति, संजय भोजवानी, सुनील सोनी मौजूद रहे।

## पेज 11 के शेष...

### दो वर्ष पश्चात शिक्षक पात्रता...

होंगे। वहीं बिलासपुर में पहली पाली की परीक्षा में 18116 तथा दूसरी पाली की परीक्षा में 30309 अभ्यर्थी शामिल होंगे। शिक्षक पात्रता परीक्षा 20 जिलों में होगी। प्रथम पाली के लिए 366 तथा द्वितीय पाली के लिए 656 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### पदोन्नति के लिए...

करना अनिवार्य है। यह नियम भविष्य की नियुक्तियों के साथ-साथ सेवारत शिक्षकों पर भी लागू किया गया है। हालांकि सेवानिवृत्ति के करीब (5 साल से कम सेवा अवधि) वाले पुराने शिक्षकों को इसमें कुछ छूट दी गई है। यही कारण है कि टेट में अभ्यर्थियों की संख्या 3 लाख से पार कर गई है।

### अन्य निर्देश पूर्ववत...

अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रथम पाली के लिए प्रदेशभर में एवं द्वितीय पाली के लिए 16 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। व्यापम द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थियों को एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अवलोकन करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा न हो। परिधानों के रंग, स्वेटर, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस सहित अन्य नियम पूर्ववत ही रहेंगे।

### लगातार पश्चिमी विक्षोभ से दस...

और दुर्ग का न्यूनतम तापमान सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है। ठंड के अंतिम दौर में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ ने न्यूनतम तापमान में उछाल ला दी है। पिछले चौबीस घंटे में ऐसी स्थिति बनी की राज्य का न्यूनतम तापमान 11.1 अंबिकापुर का दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.6 डिग्री अधिक था। इसी तरह माना और दुर्ग के टेंप्रेचर को छोड़ दिया जाए तो किसी अन्य स्टेशन का न्यूनतम तापमान माइनस में नहीं था। दिन में भी राज्य में 28 से 32 डिग्री सेल्सियस की गर्मी पड़ी। आने वाली नमी युक्त हवा की वजह से शाम होने के बाद भी गर्म कपड़े की जरूरत नहीं पड़ी। वहीं दोपहर की धूप से महसूस होने वाली गर्मी से बचाव के लिए दिन में भी पंखा चलाने की जरूरत पड़ी। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आने वाले तीसरे पश्चिमी विक्षोभ की वजह से दो-तीन दिनों तक तापमान में बड़ी गिरावट होने की संभावना काफी कम है। हालांकि हल्की ठंड का प्रभाव आने वाले दिनों में भी रहने की संभावना है।

### बख्शे गए बड़े अफसर... .

सीजीएमएससी के एमडी को भी पूछताछ के दायरे में लाया गया था। हालांकि उनके द्वारा इस बारे में किसी भी तरह की जानकारी होने से अनभिज्ञता जताई गई थी। साथ ही मामला खुलने के बाद भी मोक्षित कार्पोरेशन को बड़ी राशि का भुगतान करने के लिए भी सीजीएमएससी के एमडी के साथ एक अन्य अधिकारी पर संदेह जाहिर किया गया था। पूछताछ की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन्हें बख्श दिया गया और घोटाले का ठीकरा गिरफ्तार पांच अधिकारियों और मोक्षित से जुड़े लोगों पर फूट गया। पिछले साल जनवरी और मार्च में गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी अभी जेल में हैं। इस मामले में ईओडब्लू ने सोमवार को मोक्षित कार्पोरेशन के साथ कार्टेल बनाने वाली दो कंपनियों के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद**
**तहसील - मंदिर हसौद जिला - रायपुर**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक 10/01/2026**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की आवेदक श्री प्रकाश अडवानी पिता/पति मोटूमल अडवानी निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम छतौना पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल- मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 20/1 रकबा 0.030 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 06/01/2026 के परिपालन में दिनांक 27/01/2026 को समय 02 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के छतौना में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मन्दिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभासक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा /आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद**
**तहसील - मंदिर हसौद जिला - रायपुर**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक 15/01/2026**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की आवेदक श्री मुन्नी चौधरी पिता/पति भगवानदीन चौधरी निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल- मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 664/3 रकबा 0.279 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 14/01/2026 के परिपालन में दिनांक 27/01/2026 को समय 01 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मन्दिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभासक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा /आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, रायपुर छ.ग.**

**// शपथ पत्र //**

मैं, रजनेश बथवाल निर्देशक मेसर्स रामा कोमोडीटिस प्रा.लि. रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ

1. यह कि, मेरी संस्था मेसर्स रामा कोमोडीटिस प्रा.लि. के स्वामित्व एवं आधिपत्य में सुयश हॉस्पीटल पानी टंकी के पास ग्राम कोटा-3, प.ह.नं.- 00051, रा.नि.मं.- रायपुर कोटा-3, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में भूमि खसरा नंबर- 159/180 रकबा 2952 वर्गफूट परिवर्तित भूमि है।
2. यह कि, उक्त भूमि का मूल बिक्री पत्र मेरे कार्यालय मेसर्स लक्ष्मीऑटो इंजीनियरिंग के.के. रोड़ मौदहापारा रायपुर में रखा था खोजने पर प्राप्त नहीं हुआ है अथक प्रयास के बाद भी प्राप्त नहीं हुआ है, उक्त दस्तावेज को किसी भी थाना/ न्यायालय/ विभाग/ बैंक आदि में जमा नहीं किया गया है और ना ही उसका कोई दुरूपयोग किया गया है।
3. यह कि, यह शपथ पत्र मै बिक्री पत्र दस्तावेज की गुम होने की सूचना संबंधित थाना/ विभाग में दर्ज किये जाने हेतु उक्त कथनों के सत्यता में प्रस्तुत कर रहा हूँ इस हेतु विभाग के समस्त नियम एवं शर्तें मुझे मान्य है।

**शपथकर्ता**

**-:सत्यापन:-**

मैं, उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से लेकर 03 की बाते सत्य एवं सही है। अतः अपने हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक- 14.01.2026 **शपथकर्ता**

### नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर अभनपुर में मना जश्न

**अभनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर अभनपुर के हृदय स्थल में विधायक इंद्रकुमार साहू के नेतृत्व में भाजपा अभनपुर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी कर खुशियां मनाई गईं। विधायक एवं कार्यकर्ताओं ने दुकानदारों, राहगीरों एवं आमजनों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल, वरुण राठी, मण्डल अध्यक्ष भरत बैस, किशन शर्मा, मुकेश ढीढी, गौरव शर्मा, चेतना गुप्ता, सूरज लाल साहू, झड़ी पटेल, दलजीत सिंग, दयालु गाड़ा, बूढ़ेश्वर साहू, राजा राय, धनेश्वर साहू, नान्हे धृतलहरे, गोयल भट्ट, सागर साहू, समीर यदु सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ी महतारी अस्मिता रथयात्रा 26 से

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर से छत्तीसगढ़ी महतारी अस्मिता रथयात्रा 26 जनवरी से शुरू होगी, जिसमें 51 समाज के लोग शामिल होंगे। इसका समापन 25 मार्च को महासमुंद में होगा। यह यात्रा विभिन्न जिलों से होकर गुजरेगी, खासकर किसान आंदोलन के संदर्भ में भी इस यात्रा का उल्लेख किया गया। यह कार्यक्रम सर्व छत्तीसगढ़िया किसान समाज, छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा, छवेस, छसपा, छात्रसंघ, छत्तीसगढ़ी महिला समाज के पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा। यह यात्रा दोपहर 12.30 बजे प्रारंभ होगी। रथयात्रा संचालन समिति के संयोजकों ने बताया कि इस यात्रा में दीनदयाल वर्मा, अनिल दुबे, जीपी चंद्राकर, जागेश्वर प्रसाद, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, वेगेंद्र सोनबेर, महेंद्र सिंह कौशिक, छन्नूलाल साहू, विमल ताम्रकार, अशोक कश्यप आदि शामिल होंगे।

### सड़क पर धूल रखा, जुर्माना

रायपुर। नगर निगम जोन 9 अमले ने मंगलवार को जनशिकायत पर स्थल निरीक्षण के दौरान सड़क पर धूल रखने की शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित नागरिक कमलेश जैन पर 5 हजार रुपए ई जुर्माना किया गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड पार्षद मोहन कुमार साहू और लायन हेड स्पोर्ट्स क्लब प्राइवेट लिमिटेड रायपुर के पदाधिकारियों ने इसकी लिखीत शिकायत जोन में की, जोन की टीम ने औचक निरीक्षण में शिकायत सही पाई ।

## निधन

### कनकावल्ली



**रायपुर।** देवेंद्र नगर सेक्टर-1 डी-185 निवासी कनकावल्ली का 20 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से 21 जनवरी को सुबह 10.30 बजे देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अनिल राव की पत्नी, पी. राव की बहू और चिराश्री की माता थीं।

### लक्ष्मी देवी बैद



**रायपुर।** नदी कुआं चौक राजनांदगांव निवासी लक्ष्मी देवी बैद (79) का 19 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 जनवरी को मुक्तिधाम में किया गया। वे नरेश बैद की माता और संतोष की बहन, गौतम, शीतल एवं अंकित झाबक की बुआ थीं।

### कैलाश हिंदुजा



**रायपुर।** जय हिंद कॉलोनी महावीर नगर निवासी कैलाश हिंदुजा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 जनवरी को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मनोज, विक्की हिंदुजा के भाई और नमन, विवेक हिंदुजा के पिता थे।

# कलेक्टोरेट परिसर की मल्टीलेवल पार्किंग में अब लगेगा शुल्क, बीपीओ सेंटर प्रशिक्षार्थी-स्टाफ के लिए निशुल्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शहर के कलेक्टोरेट परिसर के पास रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 26 करोड़ की लागत से नवनिर्मित हाईटेक मल्टीलेवल पार्किंग में गाड़ी पार्क करने पर अब नगर निगम पार्किंग शुल्क वसूलेगा। निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था अब समाप्त कर दी गई है। इस मल्टीलेवल पार्किंग में केवल बीपीओ सेंटर में कार्य करने वाले स्टाफ और वहां के प्रशिक्षार्थी के लिए ही पार्किंग शुल्क निःशुल्क रहेगा। अपर आयुक्त ने आदेश जारी कर प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत कलेक्टोरेट परिसर की मल्टीलेवल पार्किंग में वाहनों से पार्किंग शुल्क वसूली किए जाने नगर निगम के कर्मचारियों की डयूटी लगाई है। राजस्व विभाग के सहायक राजस्व निरीक्षक विनोद महोबिया, कृष्णा टंडन इस दायित्व को अपने मूल कार्यों के साथ संपादित करेंगे। दरअसल, पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल में रायपुर नगर निगम के कलेक्टोरेट परिसर में निर्मित बहुमंजिला पार्किंग को आम जनता और बीपीओ सेंटर में आने-जाने वाले युवाओं तथा वहां काम करने वाले स्टाफ के लिए पूरी तरह फ्री कर दिया गया था। पर इससे हाइटेक पार्किंग के मेटनेंस सहित अन्य तरह के कार्यों में दिक्कत आ रही थी, वहीं नगरनिगम को इस मल्टीलेवल पार्किंग से पार्किंग शुल्क के रूप में फूटी कौड़ी का राजस्व नहीं मिल रहा था। इसे देखते हुए निगम प्रशासन ने अब इस मल्टीलेवल पार्किंग में गाड़ियों की पार्किंग पर शुल्क लेने का निर्णय लिया है।

## शहर के चार अन्य स्थानों पर भी निगम वसूलेगा पार्किंग शुल्क

### शुल्क की वसूली विभागीय तौर पर आदेशित

इसी तरह शहर के तीन अन्य स्थानों पर विकसित किए गए पार्किंग में भी नगर निगम पार्किंग शुल्क शुरू करने जा रहा है। इनमें गंज मैदान की पार्किंग, गंज बांस टाल और तेलीबांधा तालाब के सामने गाड़ियां पार्क करने पर नगर निगम को पार्किंग शुल्क का भुगतान करना होगा। नगर निगम के अपर आयुक्त बाजार एवं राजस्व कृष्णा खटिक ने आदेश जारी कर राजधानी के कलेक्टोरेट परिसर स्थित हाइटेक मल्टीलेवल पार्किंग और गंज मैदान में वाहन पार्क करने पर पार्किंग शुल्क की वसूली विभागीय तौर पर करने आदेशित किया है। जिसके मुताबिक सहायक राजस्व निरीक्षक ध्रुव तिवारी और कृष्णा टंडन अपने मूल कार्यों के साथ इन दोनों स्थानों पर संचालित पार्किंग में वाहनों से पार्किंग शुल्क की विभागीय रूप से वसूली का जिम्मा संभालेंगे।



### आदेश तत्काल प्रभावशील

वहीं गंज बांस टाल में संचालित पार्किंग में रखे जाने वाले वाहनों से ध्रुव तिवारी और सुमेश यादव, तेलीबांधा तालाब के सामने संचालित पार्किंग से विनोद महोबिया और ध्रुव तिवारी को पार्किंग शुल्क वसूली का कार्य दिया गया है। आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर अपर आयुक्त द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। दल के सदस्य राजस्व उप निरीक्षक दिलीप बेहरा और आकाश झा होंगे, प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी बाजार व नजूल के निर्देश पर यह कार्य करेंगे। दल को आफसेट दर की जानकारी 15 दिन के अंदर प्रस्तुत करने कहा गया है। साथ ही अग्रिम आदेश तक विभागीय वसूली करना सुनिश्चित करेंगे।

## 70 फीसदी काम अभी भी मैनुअली, विभागीय अफसर दे चुके पेपरलेस वर्क पर जोर

# ऑनलाइन नहीं मिल रही खाली बेड की जानकारी, ठंडी पड़ी आंबेडकर अस्पताल के डिजिटलाइजेशन की योजना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सरकारी कामकाज को ऑनलाइन सिस्टम में लाने पर जोर दिया जा रहा है, मगर सबसे बड़े अस्पताल होने का दर्जा प्राप्त आंबेडकर अस्पताल का 70 फीसदी काम अभी भी मैनुअली है। यहां तक कि मरीजों की सुविधा के लिए विभागवार खाली बेड की जानकारी ऑनलाइन देने की योजना भी अधूरी है। विभागीय अफसर अस्पताल के कामकाज को डिजिटल तरीके से पूरा करने के निर्देश चुके हैं, मगर करीब तीन साल पहले बनाई गई पांच करोड़ की योजना अभी भी ठंडे बस्ते में है।

- तीन साल पहले बनाया गया था पांच करोड़ का प्रोजेक्ट, फंड के अभाव में अटका था

कोरोना महामारी के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के निजी और शासकीय अस्पतालों में मौजूदा के साथ खाली बेड की जानकारी आम लोगों को उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाई थी। महामारी के बाद आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले भर्ती योग्य मरीजों की सुविधा के लिए विभागवार रिक्त बेड, वेंटिलेटर, ऑक्सीजनयुक्त बेड सहित अन्य जानकारी को ऑनलाइन किए जाने की योजना बनाई गई थी। इसके साथ ही अस्पताल में होने वाले अन्य काम मसलन मरीजों के एक से दूसरे विभाग में ट्रांसफर किए जाने के दौरान उनकी जानकारी डिजिटल तरीके से रेफर करने। सभी विभागों में मरीजों का डेटा कंप्यूटर में रखने और उसी के माध्यम से काम करने की योजना बनाई गई थी। इस योजना को पूरा करने में करीब पांच करोड़ खर्च होने थे। प्रारंभिक दौर में ओपीडी पंजीयन, विभाग में भर्ती होने वाले मरीजों का कामकाज और रेडियोडायग्नोसिस से संबंधित कुछ रिपोर्ट ऑनलाइन देने तक सीमित रह गया। डिजिटलाइजेशन के लिए वृहद स्तर पर बनाई गई योजना बड़े खर्च के कारण ठंडे बस्ते में चली गई। अस्पताल से जुड़े चिकित्सकों का तर्क है कि बदलते समय के साथ अस्पताल के कामकाज को डिजिटल करने की आवश्यकता है। इससे विभिन्न दस्तावेजों को सालों तक कंप्यूटर में सुरक्षित रखा जा सकता है और भूल-चूक जैसी संभावना भी काफी कम हो जाती है।

### आंबेडकर अस्पताल की व्यवस्था

- 1340 बेड की क्षमता, सामान्यत: एक हजार से ज्यादा मरीज हमेशा रहते हैं भर्ती
- डेढ़ से दो हजार की ओपीडी, इमरजेंसी भी रोजाना औसतन सौ से दो सौ मरीज
- मेडिसिन, कैंसर, हार्ट, आर्थो सहित कई बड़े विभाग जहां हमेशा मरीजों की भीड़
- दूसरे जिलों, अस्पतालों से भी रेफर होकर रोजाना औसतन पहुंचते हैं पचास मरीज




### कार्य प्रक्रियाधीन

जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अस्पताल से संबंधित कामकाज का डिजिटलाइजेशन करने की योजना पर काम किया जा रहा है। पेपरलेस वर्किंग के लिए आवश्यकता अनुसार व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा।

- **डा. संतोष सोनकर,** चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

### लगाना पड़ता है चक्कर

वर्तमान में अस्पताल के एमआरडी यानी मेडिकल रिकार्ड रखने वाला विभाग फाइलों के बोझतले दबा हुआ है। यहां अस्पताल में होने वाले जन्म-मृत्यु, भर्ती होने, डिस्चार्ज होने के अलावा मेडिको लीगल मामलों की फाइलें पहुंचती है। एमआरडी का ज्यादातर काम मैनुअली पूरा हो रहा है। इस विभाग की जानकारी को कंप्यूटर में समेटने की काफी आवश्यकता है मगर इस पर काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है।

### सिस्टम पुराना हो चुका

अस्पताल में कामकाज के लिए जिन कंप्यूटर सहित अन्य सिस्टम का उपयोग किया जाता है वह काफी पुराना चुका है। लगातार उपयोग की वजह से उसकी स्पीड भी कम हो चुकी है। सिस्टम में काम करने वाले कर्मचारियों का कहना है कई बार कंप्यूटर काम करते-करते अचानक बंद हो जाते हैं।पुराना होने की वजह से इसमें बदलाव किए जाने की भी काफी जरूरत है।

### जोरा मुक्तिधाम के अंदर भूमिपूजन न करने से जनता विधायक से नाराज

**रायपुर।** साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा मुक्तिधाम उत्थान के भूमिपूजन को लेकर विधायक के स्थानीय स्तर पर न करने से स्थानीय लोगों में रोष है। इस संबंध में जोरा के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा के सक्रिय सदस्य डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि जिस जोरा मुक्तिधाम उत्थान अभियान के वे स्वयं सूत्रधार रहे हैं, अब उसका भूमिपूजन विधायक अनुज शर्मा द्वारा जोरा मुक्तिधाम के अंदर न करके बाहर करने से साईंनगर और जोरा के आसपास की जनता में आक्रोश बढ़ गया है, क्योंकि जोरा मुक्तिधाम अभियान को आरंभ से लेकर शासन स्तर से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति हासिल कराने में साईंनगर जोरा की जागरूक जनता की ही अत्यंत अहम भूमिका रही है, इसलिए उसका भूमिपूजन वर्तमान विधायक द्वारा जोरा मुक्तिधाम के अंदर नहीं करके कहीं और बाहर जाकर करना यहां की स्थानीय जनता का सरासर अपमान करने जैसा है। इसके अलावा वर्तमान विधायक का आधे से अधिक कार्यकाल गुजर जाने के बावजूद अभी तक विधायक निधि से साईंनगर और जोरा क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य नहीं कराने को लेकर भी इस क्षेत्र की जनता अपनी अनदेखी और उपेक्षा से अत्यंत नाराज है, जिसका कुप्रभाव आने वाले विधानसभा चुनाव में दिख सकता है।

## बिजनेस साइट

### विश्व हिंदी दिवस पर बैंक ऑफ इंडिया में पुरस्कार वितरण समारोह



**रायपुर।** विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में बैंक ऑफ इंडिया रायपुर आंचलिक कार्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति स्टाफ सदस्यों के लिए राजभाषा हिंदी से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य बैंकों में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन को बढ़ावा देना एवं दैनिक बैंकिंग कार्यों में हिंदी के अधिकतम प्रयोग को सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया, रायपुर अंचल की आंचलिक प्रबंधक गायत्री कम्पा एवं उप आंचलिक प्रबंधक नागेंद्र प्रसाद चौरसिया की गरिमामयी उपस्थिति रही।



### सीआईआई और आईआईएम के बीच हुआ एमओयू

**रायपुर।** सीआईआई और आईआईएम रायपुर के बीच हुए एमओयू से युवा नेतृत्व, विचार नेतृत्व और उद्योग-अकादमिक सहयोग को नया आयाम मिलने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण पहल के क्रियान्वयन में सीआईआई की युवा इकाई यंग इंडियंस (वाईआई) अग्रणी भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर पंकज सोमानी, चेयरमैन, यंग इंडियंस रायपुर ने कहा कि यह साझेदारी युवाओं और अकादमिक संस्थानों के बीच दीर्घकालिक एवं सार्थक संवाद को सशक्त बनाएगी। उन्होंने इसे भविष्य-तैयार नेतृत्व विकसित करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम बताया।

### सीएम साय आज करेंगे 'राडा ऑटो एक्सपो-2026' का भव्य उद्घाटन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के श्रीराम बिजनेस पार्क में आयोजित 'राडा ऑटो एक्सपो-2026' का भव्य उद्घाटन आज शाम 7 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और परिवहन मंत्री केदार कश्यप सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक्सपो से खरीदे गए वाहनों पर आरटीओ रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, जिससे ग्राहकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। उद्घाटन के दिन करीब 1000 वाहनों की डिलीवरी होने की संभावना है। एक्सपो में कार, बाइक, बस और कमर्शियल व्हीकल्स के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई है। आज महिंद्रा, यामाहा, टाटा और मारुति सुजुकी के चार नए मॉडलों की लॉन्चिंग भी होगी। मौके पर ही वाहन पंजीयन, फाइनेंस, बीमा और टेस्ट ड्राइव की सुविधा उपलब्ध है।

# होटल के रूम में युवक ने लगाई फांसी, नहीं मिला कोई सुसाइड नोट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर के राधास्वामी नगर के पास प्लानेट होटल में एक युवक की फांसी पर लटकी लाश मिली। उसकी पहचान मोहित उर्फ मोनू सोनकर 38 वर्ष के रूप में की गई है। मृतक रावणभाठा मैदान के पास ही रहता था तथा एक दिन पहले ही उसने होटल के कमरे को बुक कराया था। रात में वह कमरे में ही रुका हुआ था, जिसकी लाश मंगलवार को सुबह फांसी पर लटकी मिली। पुलिस प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या मान रही है। हालांकि मौके से शराब की बोतल के अलावा कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इधर इस मामले में स्थानीय लोगों का कहना है कि होटल कारोबार के कारण यहां असामाजिक तत्वों का डेरा रहता है एवं नशाखोरी की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे कालोनी का वातावरण भी खराब हो रहा है।

- परिवार से नाराज होकर एक दिन पहले घर छोड़कर चला गया था

### पारिवारिक परेशानी से तंग आकर आत्महत्या की आशंका



पुरानी बस्ती थाना प्रभारी ने बताया कि सुबह करीब 10.30 बजे उन्हें सूचना मिली कि राधास्वामी नगर में संचालित प्लानेट होटल के एक कमरे में ठहरे युवक ने फांसी लगा ली है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक की शिनाख्त की, तो पता चला कि मृतक का नाम मोहित उर्फ मोनू सोनकर 38 वर्ष रावणभाठा मैदान के सामने ही रहता था। वह विवाहित था तथा अपने माता-पिता के साथ ही रहता था। उसका एक बड़ा भाई भी है, जो विवाहित है। सूत्रों से पता चला कि मोनू सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे घर में किसी को कुछ बताए बिना कहीं चला गया था। परिवार के लोग उसे देर रात तक ढूंढने का प्रयास भी करते रहे। जब वह नहीं मिला, तो परिवार के लोग दूसरे दिन पुलिस को इसकी सूचना देने का विचार भी कर रहे थे, लेकिन इससे पहले ही परिवार को उसकी मौत की सूचना मिली।

### रस्सी से लगाई फांसी

पुलिस के अनुसार मोनू घर से निकलने के बाद सीधे प्लानेट होटल पहुंचा था और यहां अपना आधार दिखाकर एक रूम बुक किया था। होटल संचालक का नाम विनोद तिवारी बताया जा रहा है। पुलिस को होटल से जानकारी मिली कि मोनू होटल बुक कराने के बाद कहीं चला गया था, रात को वह लौटा। इसके बाद उसके कमरे का दरवाजा सुबह 10 बजे तक नहीं खुला। होटल के कमरे की सफाई के लिए जब दरवाजा खटखटाने के बाद अंदर से दरवाजा नहीं खोला गया, तो इस पर संदेह हुआ। इसके बाद होटल संचालक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को फंदे से उतरवाकर पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को रूम से शराब की बोतल भी बरामद हुई है। इससे संभावना जताई जा रही है कि फांसी लगाने से पहले मोनू ने शराब का सेवन भी किया था। कमरे से कोई सुसाइट नोट नहीं मिला है। इस कारण आत्महत्या के कारण का भी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

# ज्वेलरी दुकान में ग्राहक बनकर पहुंची महिला ने उड़ाई सोने की चेन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर के सदर बाजार स्थित एक ज्वेलरी शॉप में ग्राहक बनकर पहुंची एक महिला ने सोने की चेन पार कर दी। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की पूरी घटना कैद हो गई है, जिसके आधार पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर महिला को ढूंढना शुरू कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सदर बाजार स्थित भोरावत एंड संस ज्वेलरी शॉप में चोरी की यह वारदात 15 जनवरी को दोपहर 3 से 3.30 बजे के बीच घटी है। इस दिन एक महिला चेन खरीदने के बहाने दुकान में पहुंची थी। इस दौरान महिला ने सेल्समैन से कई चेन भी पसंद करने के लिए काउंटर पर निकलवाए थे, लेकिन बाद में बिना चेन खरीदे ही वह वहां से लौट गई। इधर इस घटना के बाद ज्वेलरी दुकान में 13.550 ग्राम वजन की एक चेन हिसाब में कम मिली। 18 कैरेट की चेन की कुल कीमत 50 हजार रुपए है। चेन नहीं मिलने पर जब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, तो उसमें एक महिला का फूटेज मिला, जिसमें वह चेन चोरी कर ले जाते दिखाई दे रही है। दुकान संचालक ने इसके बाद इस मामले में थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने फूटेज के आधार पर महिला को तलाश करना शुरू कर दिया है।

## पेज 11 के शेष

### दो वर्ष पश्चात ...

होंगे। वहीं बिलासपुर में पहली पाली की परीक्षा में 18116 तथा दूसरी पाली की परीक्षा में 30309 अभ्यर्थी शामिल होंगे। शिक्षक पात्रता परीक्षा 20 जिलों में होगी। प्रथम पाली के लिए 366 तथा द्वितीय पाली के लिए 656 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### पदोन्नति के लिए...

करना अनिवार्य है। यह नियम भविष्य की नियुक्तियों के साथ-साथ सेवारत शिक्षकों पर भी लागू किया गया है। हालांकि सेवानिवृत्ति के करीब (5 साल से कम सेवा अवधि) वाले पुराने शिक्षकों को इसमें कुछ छूट दी गई है। यही कारण है कि टेट में अभ्यर्थियों की संख्या 3 लाख से पार कर गई है।

### अन्य निर्देश पूर्ववत...

अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रथम पाली के लिए प्रदेशभर में एवं द्वितीय पाली के लिए 16 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। व्यापम द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थियों को एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अवलोकन करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा न हो। परिधानों के रंग, स्वेटर, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस सहित अन्य नियम पूर्ववत ही रहेंगे।

### लगातार पश्चिमी विक्षोभ...

और दुर्ग का न्यूनतम तापमान सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है। ठंड के अंतिम दौर में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ ने न्यूनतम तापमान में उछाल ला दी है। पिछले चौबीस घंटे में ऐसी स्थिति बनी की राज्य का न्यूनतम तापमान 11.1 अंबिकापुर का दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.6 डिग्री अधिक था। इसी तरह माना और दुर्ग के टेंप्रेचर को छोड़ दिया जाए तो किसी अन्य स्टेशन का न्यूनतम तापमान माइनस में नहीं था। दिन में भी राज्य में 28 से 32 डिग्री सेल्सियस की गर्मी पड़ी। आने वाली नमी युक्त हवा की वजह से शाम होने के बाद भी गर्म कपड़े की जरूरत नहीं पड़ी। वहीं दोपहर की धूप से महसूस होने वाली गर्मी से बचाव के लिए दिन में भी पंखा चलाने की जरूरत पड़ी। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आने वाले तीसरे पश्चिमी विक्षोभ की वजह से दो-तीन दिनों तक तापमान में बड़ी गिरावट होने की संभावना काफी कम है। हालांकि हल्की ठंड का प्रभाव आने वाले दिनों में भी रहने की संभावना है।

### बख्शे गए बड़े ...

सीजीएमएससी के एमडी को भी पूछताछ के दायरे में लाया गया था। हालांकि उनके द्वारा इस बारे में किसी भी तरह की जानकारी होने से अनभिज्ञता जताई गई थी। साथ ही मामला खुलने के बाद भी मोक्षित कार्पोरेशन को बड़ी राशि का भुगतान करने के लिए भी सीजीएमएससी के एमडी के साथ एक अन्य अधिकारी पर संदेह जाहिर किया गया था। पूछताछ की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन्हें बख्श दिया गया और घोटाले का ठीकरा गिरफ्तार पांच अधिकारियों और मोक्षित से जुड़े लोगों पर फूट गया। पिछले साल जनवरी और मार्च में गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी अभी जेल में हैं। इस मामले में ईओडब्लू ने सोमवार को मोक्षित कार्पोरेशन के साथ कार्टेल बनाने वाली दो कंपनियों के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

### पुष्पांजलि कार्यक्रम आज

**रायपुर।** शहीद हेमू कालाणी के शहादत दिवस पर 21 जनवरी को प्रातः 11 बजे कचहरी चौक स्थित मूर्ति के समक्ष पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित है। नगर निगम के संस्कृति विभाग के तरफ से आयोजित कार्यक्रम में संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी सहित निगम के अधिकारी व गणमान्य जन उपस्थित रहेंगे। शहीद हेमू कालाणी के जीवन प्रसंगों पर विचार व्यक्त करते हुए उन्हें नमन किया जाएगा।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद
तहसील - मंदिर हसौद जिला - रायपुर
**आम सूचना**
**जारी दिनांक 10/01/2026**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की आवेदक श्री प्रकाश अडवानी पिता/पति मोटूमल अडवानी निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम छतौना पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल- मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 20/1 रकबा 0.030 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 06/01/2026 के परिपालन में दिनांक 27/01/2026 को समय 02 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के छतौना में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मन्दिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभासक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा /आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद
तहसील - मंदिर हसौद जिला - रायपुर
**आम सूचना**
**जारी दिनांक 15/01/2026**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की आवेदक श्री मुन्नी चौधरी पिता/पति भगवानदीन चौधरी निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल- मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 664/3 रकबा 0.279 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 14/01/2026 के परिपालन में दिनांक 27/01/2026 को समय 01 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मन्दिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभासक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा /आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, रायपुर छ.ग.**
**// शपथ पत्र //**

मैं, रजनेश बथवाल निर्देशक मेसर्स रामा कोमोडीटिस प्रा.लि. रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ

1. यह कि, मेरी संस्था मेसर्स रामा कोमोडीटिस प्रा.लि. के स्वामित्व एवं आधिपत्य में सुयश हॉस्पीटल पानी टंकी के पास ग्राम कोटा-3, प.ह.नं.- 00051, रा.नि.मं.- रायपुर कोटा-3, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में भूमि खसरा नंबर- 159/180 रकबा 2952 वर्गफूट परिवर्तित भूमि है।
2. यह कि, उक्त भूमि का मूल बिक्री पत्र मेरे कार्यालय मेसर्स लक्ष्मीऑटो इंजीनियरिंग के.के. रोड़ मौदहापारा रायपुर में रखा था खोजने पर प्राप्त नहीं हुआ है अथक प्रयास के बाद भी प्राप्त नहीं हुआ है, उक्त दस्तावेज को किसी भी थाना/ न्यायालय/ विभाग/ बैंक आदि में जमा नहीं किया गया है और ना ही उसका कोई दुरूपयोग किया गया है।
3. यह कि, यह शपथ पत्र मै बिक्री पत्र दस्तावेज की गुम होने की सूचना संबंधित थाना/ विभाग में दर्ज किये जाने हेतु उक्त कथनों के सत्यता में प्रस्तुत कर रहा हूँ इस हेतु विभाग के समस्त नियम एवं शर्ते मुझे मान्य है।

**शपथकर्ता**

**-:सत्यापनः-**

मैं, उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से लेकर 03 की बाते सत्य एवं सही है। अतः अपने हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक- 14.01.2026 **शपथकर्ता**





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### चार सौ किमी दूर से आए बीमार गिद्ध रेस्क्यू

**रायपुर।** लगभग चार सौ किलोमीटर दूर महाराष्ट्र के ताडोबा अंधारी टाइगर रिज़र्व से उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व आये बीमार गिद्ध का सफल रेस्क्यू किया गया। पेट्रोलिंग श्रमिक राधेश्याम यादव ने गिद्ध को बीमार अवस्था में देखते ही परिक्षेत्र अधिकारी सुशील कुमार सागर को सूचित किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया. संभवतः डी-हाइड्रेशन या बिमारी की वजह से गिद्ध की तबियत खराब थी जिस कारण वह उड़ नहीं पा रहा था। गिद्ध को पानी एवं आर्टिफीशियल फीड (आहार) दिया गया। घने जंगल से सुरक्षित निकलाकर गरियाबंद लाया गया जहां से उसे नया रायपुर स्थित जंगल सफारी लेकर जाया जा रहा है। उपचार के उपरान्त गिद्ध को पुनः सुरक्षित रहवास में छोड़ा जाएगा।

### महेंद्र नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन के अध्यक्ष



**रायपुर।** नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक में अगले तीन वर्ष की प्रदेश कार्यकारणी का गठन किया गया। महेंद्र चौबे को अध्यक्ष तथा खोमलाल चंदेश्वर को सचिव एवं विशाल दीक्षित को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति बनी, जिस पर चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं राज्य सरकार से चर्चा करने का निर्णय लिया गया। इसमें प्रवेश प्रक्रिया को सरल तथा छात्र हित में तथा समयबद्ध करने, प्रैक्टिस टीचिंग के लिए उपलब्ध अस्पताल की संबद्धता जल्द जारी करने तथा नर्सिंग पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए छात्र हित मे एक दीर्घकालीन नीति बनाने जैसे मुद्दे शामिल रहे।

# अब नहीं बचेंगे भ्रष्ट कर्मचारी, रेलवे में विजिलेंस जांच के नियम सख्त, अब 5 बिंदुओं की स्पेशल रिपोर्ट अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

किसी रेल कर्मचारी या अधिकारी के विरुद्ध विजिलेंस जांच शुरू हुई, तो क्लीन चिट या दोषारोपण की स्पेशल पांच रिपोर्ट अनिवार्य कर दी गई है, ताकि दोषी को सजा दिलाई जा सके।

बोर्ड ने सभी जोन को पत्र भेज कर कहा है कि जीएम को किसी भी केस को बोर्ड को भेजने से पहले पांच मुख्य बिंदुओं पर स्पष्ट सिफारिश देनी होगी। इसमें संबंधित अधिकारी या कर्मचारी की कितनी और कैसी जिम्मेदारी है? दोषी को बड़ी सजा मिलनी चाहिए, छोटी सजा या केवल प्रशासनिक कार्रवाई पर्याप्त है। क्या मामले में भ्रष्टाचार या पद के दुरुपयोग की मंशा थी? विजिलेंस एंगल की मौजूदगी पर स्पष्ट राय देना अनिवार्य है। यदि मामला गंभीर है, तो क्या इसे सीबीआई जैसी बाहरी एजेंसी को सौंपने की आवश्यकता है? इसके लिए ठोस तर्क देने होंगे। यदि किसी निजी ठेकेदार या कंपनी की भूमिका संदिग्ध है, तो उन्हें ब्लैकलिस्ट या डी-लिस्ट करने का प्रस्ताव भी रिपोर्ट का हिस्सा होना चाहिए।


इसकी प्राथमिक जिम्मेदारी एसडीजीएम की होगी, वह पूर्ण फाइल ही जीएम को सौंपेंगे। रेलवे बोर्ड के डायरेक्टर विजिलेंस (ई) अलिंद शेखर द्वारा हस्ताक्षरित इस पत्र को भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टालरेंस' की नीति के रूप में देखा जा रहा है।

## बोर्ड ने इस संबंध में सभी जोन को पत्र भेजा, जीएम को स्पष्ट सिफारिश देनी होगी

### इन पांच बिंदुओं पर देनी होगी 'क्लीन चिट' या 'दोषारोपण'

अब जनरल मैनेजरों को किसी भी केस को बोर्ड को भेजने से पहले पांच मुख्य बिंदुओं पर स्पष्ट सिफारिश देनी होगी

- जिम्मेदारी का निर्धारणः प्रत्येक संबंधित अधिकारी या कर्मचारी की कितनी और कैसी जिम्मेदारी है, इसका साफ जिक्र होना चाहिए।
- दंड की प्रकृतिः गलती की गंभीरता के आधार पर यह बताना होगा कि दोषी को बड़ी सजा मिलनी चाहिए, छोटी सजा या केवल प्रशासनिक कार्रवाई पर्याप्त है।
- विजिलेंस एंगल की पहचानः क्या मामले में भ्रष्टाचार या पद के दुरुपयोग की मंशा थी? विजिलेंस एंगल की मौजूदगी पर स्पष्ट राय देना अनिवार्य है।
- सीबीआइ को सौंपने की सिफारिशः यदि मामला गंभीर है, तो क्या इसे सीबीआइ जैसी बाहरी एजेंसी को सौंपने की आवश्यकता है? इसके लिए ठोस तर्क देने होंगे।
- बाहरी फर्मों पर एक्शनः यदि किसी निजी ठेकेदार या कंपनी की भूमिका संदिग्ध है, तो उन्हें ब्लैकलिस्ट या डी-लिस्ट करने का प्रस्ताव भी रिपोर्ट का हिस्सा होना चाहिए।




### फाइलें तभी स्वीकार की जाएंगी जब पूरी तरह खरी उतरेंगी

भारतीय रेलवे में पारदर्शिता और जवाबदेही को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए रेलवे बोर्ड ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बोर्ड ने विजिलेंस जांच रिपोर्ट भेजने की प्रक्रिया में बरती जा रही कमियों पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए सभी जोनल रेलवे और प्रोडक्शन यूनिट्स को नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भेजी जाने वाली 'फर्स्ट स्टेज एडवाइस' (एफएसए) की फाइलें तभी स्वीकार की जाएंगी, जब वे निर्धारित नियमों पर पूरी तरह खरी उतरेंगी। रेलवे बोर्ड के सतर्कता निदेशालय द्वारा जारी इस पत्र में कहा गया है कि हाल के दिनों में कई जोनल रेलवे से ऐसी जांच रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं, जिनमें जनरल मैनेजर की टिप्पणियां स्पष्ट नहीं थीं। भारतीय रेलवे सतर्कता नियमावली के पैरा 525.4 के तहत कुछ अनिवार्य बिंदुओं का पालन नहीं किया जा रहा था, जिससे मामलों के निपटारे में देरी हो रही थी

## फरवरी के दूसरे सप्ताह में जनसुनवाई होने की संभावना

# बिजली का फिर महंगा होना तय हंगामाखेज होगी जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर के 65 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को इस साल भी महंगी बिजली का झटका लगना तय है। बीते साल भी कीमत बढ़ी थी। पॉवर कंपनी ने 63 सौ करोड़ का घाटा बताते हुए नए सत्र 2026-27 में कीमत बढ़ाने की याचिका लगाई है। नया टैरिफ तय करने से पहले फरवरी के दूसरे सप्ताह में जनसुनवाई होगी। इस बार की जनसुनवाई हंगामाखेज होगी। कांग्रेस लगातार बिजली की कीमत को लेकर विरोध कर रही है। जनसुनवाई में कांग्रेस की तरफ से अभी से भारी विरोध की तैयारी है। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय भारी संख्या में उपभोक्ताओं के साथ जाकर बिजली की कीमत बढ़ाने का विरोध करेंगे। इसी के साथ अन्य वर्ग के उपभोक्ता भी महंगी बिजली का विरोध करने की तैयारी में हैं। उद्योग से लेकर किसान और व्यापारी वर्ग भी कीमत बढ़ाने का विरोध करेगा।

पॉवर कंपनी ने नए सत्र 2026-27 के लिए पूरा लेखा-जोखा बनाकर नियामक आयोग में नए टैरिफ के लिए याचिका दायर कर दी है।इस याचिका में बताया गया है कि प्रचलित दर से 26216 करोड़ का राजस्व मिलने की संभावना है। इसी के साथ साल भर का खर्च 25460 करोड़ बताया गया है। ऐसे में 756 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन इसी के साथ पिछले सत्रों की अंतर की राशि का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि नए सत्र के फायदे को पुराने अंतर की राशि में कम करने के बाद भी 63 सौ करोड़ के राजस्व की और जरूरत होगी। नए सत्र में 26 सौ करोड़ का राजस्व मिलेगा, पुराना घाटा 63 सौ करोड़ है, ऐसे में नए सत्र के लिए कुल 32 हजार पांच सौ करोड़ से ज्यादा के राजस्व की जरूरत बताई गई है। इस जरूरत के हिसाब से ही नया टैरिफ तय करने की मांग रखी गई है। पॉवर कंपनी ने अपनी तरफ से टैरिफ में इजाफा करने कोई प्रस्ताव नहीं रखा है, क्योंकि इसका फैसला आयोग ही करता है।



### लेखा-जोखा की आयोग कर रहा समीक्षा

*बिजली नियामक आयोग को जो याचिका मिली है, उसकी आयोग ने समीक्षा करना प्रारंभ कर दिया है। इसमें आयोग देखेगा कि वास्तव में कंपनी को कितने राजस्व की जरूरत है। उसका वास्तव में खर्च कितना होगा। इसी के साथ कंपनी ने नए सत्र में जितनी बिजली बिकने की संभावना जताई है, उससे कितनी ज्यादा बिजली बिकेगी और इससे कितना राजस्व मिलेगा। सबसे अहम बात यह है कि कंपनी ने जो अंतर की 63 सौ करोड़ की राशि का उल्लेख किया है, आयोग उस अंतर की राशि में नए सत्र में उसको कितनी राशि लेने की मंजूरी देता है। इसी तय राशि के हिसाब से ही नया टैरिफ तय होगा। चल रहे सत्र में कंपनी के अनुमानित 4947.41 करोड़ रुपए राजस्व घाटे के स्थान पर आयोग ने 523.43 करोड़ रुपए मान्य किया था। पॉवर कंपनी के घाटे को पूरा माना जाता तो दरें 20 फीसदी तक बढ़ानी पड़ती लेकिन आयोग के घाटा पांच सौ करोड़ माना था इसलिए दरें दो फीसदी से भी कम बढ़ाई गई थी। अब इस बार आयोग पॉवर कंपनी का कितना घाटा मानता है, उसके हिसाब से ही नया टैरिफ तय होगा। नया टैरिफ तय करने से पहले जनसुनवाई होगी। इसके लिए आयोग जल्द की तारीख तय करेगा। संभावना है कि अगले माह के दूसरे सप्ताह में जनसुनवाई होगी।*

# महापौर ने जल बोर्ड के अभियंताओं की ली बैठक 15 दिन में संकट वाले इलाकों की मांगी रिपोर्ट




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महात्मा गांधी सदन के सभागार में महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता और निगम आयुक्त विश्वदीप, जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू ने नवगठित जल बोर्ड समिति की बैठक ली। बैठक में महापौर मीनल चौबे ने कहा कि राइजिंग और मेन डिस्ट्रीब्यूशन लाइन की जानकारी इकट्ठा कर सभी जोनों के साथ मिलकर कार्य सुनिश्चित करें। पंद्रह दिनों के भीतर पेयजल संकट प्रभावित इलाकों की रिपोर्ट महापौर मीनल चौबे ने जल बोर्ड के अभियंताओं से मांगी है। बैठक में प्रभारी अधीक्षण अभियंता पी. राजेश नायडू, राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता जल नरसिंग फरेन्द्र, पदमाकर श्रीवास, प्रभारी कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा जूनियर, सहायक अभियंता अनुराग पाटेकर, उप अभियंता योगेन्द्र साहू, शुभम तिवारी, रमेश पटेल उपस्थित रहे।

जल बोर्ड के अभियंताओं की बैठक में महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम के दस जोन के चिन्हित वार्ड जहां जल संकट है और पाइप लाइन का विस्तार नहीं हुआ, ऐसे स्थानों को सूचीबद्ध कर समय सीमा में योजना बनाने निर्देश दिए। जल बोर्ड समिति में 8 सदस्यीय टीम काम करेगी, जिसका मुख्य मकसद शहर में पानी की समस्या, पाइप लाइन विस्तार, पाइप लाइन लीकेज के कार्यो की जिम्मेदारी लेना है। शहर में पेयजल को लेकर शासन का स्पष्ट आदेश है कि पेयजल से संबंधित कोई भी प्रस्ताव शासन स्तर पर नहीं रूकेंगे। महापौर ने जल बोर्ड के सभी सदस्यों से सुबह के समय विजिट कर पेयजल संकट वाले इलाकों का अध्ययन कर फोटो साझा करने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 70 वार्डो में पेयजल की समस्या को दूर करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए स्मार्ट सिटी प्लान बनाकर कार्य करना होगा। जल बोर्ड गठन कार्य के लिए 5 जोनों के अधीक्षण अभियंता पी. राजेश नायडू और बाकी के 5 जोनों के लिए अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर को दायित्व दिया गया है।

### खास बातें

- फील्ड पर उतरकर सर्वे करने और पेयजल समस्या का समाधान के लिए ठोस प्रस्ताव देने निर्देश
- पाइप लाइन विस्तार, लीकेज कार्यो की पूरी जिम्मेदारी समिति के 8 सदस्यों की



**भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का आकाश ने किया स्वागत**

**रायपुर।** भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भाजपा के युवा नेता आकाश विग ने मुलाकात की और अध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं देकर स्वागत किया।




# दिनदहाड़े घर की आलमारी से 6 लाख के जेवर पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के मठपुरैना इलाके में एक घर में दिनदहाड़े चोरी की घटना हो गई। घटना के समय घर में एक अधेड़ महिला एवं 12 साल की बच्ची थी। इन दोनों को चकमा देकर अज्ञात चोर ने घर की आलमारी में रखे करीब 6 लाख कीमत के सोने के जेवर पार कर दिए। घटना की रिपोर्ट टिकरापारा थाना में दर्ज कराई गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मठपुरैना निवासी तृप्ति वांदिले बीएमवाय चरोदा में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। रोज की तरह वह सुबह ड्यूटी पर निकल गई थी। घर पर सिर्फ उसकी सास और उसकी बेटी थी। पति भी काम से बाहर गया हुआ था। ड्यूटी से दोपहर बाद जब वह लौटी तो घर की आलमारी खुली मिली, वहीं लॉकर को देखा तो उसमें रखे सोने का मंगलसूत्र, कंगन, नेकलेस, अंगूठी आदि जेवर भी गायब मिले। तृप्ति ने जब अपनी सास और बेटी से पूछा तो उन्होंने बताया कि उसके नौकरी पर जाने के बाद कुछ महिलाएं उसके घर आई थी, जो काफी देर रुकने के बाद वापस चली गईं। इसे देखते हुए तृप्ति ने इस चोरी के पीछे अपने परिचितों पर संदेह जताया है। बहरहाल पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**रायपुर।** आबकारी वृत खमतराई अंतर्गत अवैध मदिरा के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए एक प्रकरण कायम किया गया है। मुखबिर की सूचना पर जांच टीम ने बिरगांव में रहने वाले भागी नवरंगेको गिरफ्तार कर उससे 35 नग पाव देशी मदिरा मसाला बरामद किया है। जिसकी अनुमानित कीमत 35 सौ रुपए हैं। उसके पास से एक मोपेड भी जब्त की गई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है।




### अधीक्षक भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा अधीक्षक भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा 18 जनवरी को आयोजित की गई थी। 29 जनवरी तक मॉडल आंसर पर दावा आपत्ति दर्ज किए जा सकेंगे। विस्तृत जानकारी छग लोक सेवा आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### कॉल सेंटर से मिली महिला मरीज को मदद

**रायपुर।** बोरियाकला निवासी ममता यादव ने बताया कि सीने में दर्द की शिकायत के चलते उन्हें मेकाहारा अस्पताल में भर्ती होना पड़ा, जहां आयुष्मान भारत योजना के तहत उनका उपचार किया गया। डिस्चार्ज होने के बाद आयुष्मान कार्ड में डिस्चार्ज की जानकारी अपडेट नहीं होने के कारण वे अन्य अस्पताल में उपचार नहीं करा पा रही थीं। इस समस्या से परेशान होकर उसने जिला जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही संबंधित विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई और आयुष्मान कार्ड में आवश्यक अपडेट कर समस्या का समाधान किया गया।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02 थेरेपी से संवर रहा दिव्यांग बच्चों का ....

## एजुकेशन अलर्ट

## इंडियन नेवी एसएससी ऑफिसर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी




**रायपुर।** इंडियन नेवी में नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए महत्वपूर्ण खबर है। भारतीय नौसेना की ओर से शॉर्ट सर्विस कमीशन ऑफिसर के लिए नोटिफिकेशन जारी कर आवेदन तिथियों का ऐलान कर दिया गया है। जो भी उम्मीदवार पात्रता पूरी करते हैं, वे इस भर्ती के लिए 24 जनवरी से 24 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भर सकेंगे। एप्लीकेशन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार होंगे, अन्य किसी भी प्रकार से फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। भारतीय नौसेना में एग्जीक्यूटिव ब्रांच में जनरल सर्विस, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर, नेवल एयर ऑपरेशंस ऑफिसर और पायलट SSC ऑफिसर एवं लॉजिस्टिक्स SSC ऑफिसर पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी ने पदानुसार बीई/बीटेक/ मास्टर डिग्री इन इलेक्ट्रॉनिक्स- फिजिक्स/ एमएससी आईटी/ एमसीए आदि उत्तीर्ण किया हो। इसके अलावा अभ्यर्थी का जन्म पदानुसार 2 जनवरी 2002/ 2003 और 1 जुलाई 2006/ 2007/ 1 जनवरी 2008 के बीच हुआ हो।

### इस तरह भरना होगा आवेदन

इस भर्ती में आवेदन के लिए जो उम्मीदवार पात्रता पूरी करते हैं वे वे भारतीय नौसेना के आधिकारिक भर्ती पोर्टल **joinindiannavy.gov.in** पर जाकर आवेदन कर। सकेंगे। एप्लीकेशन प्रॉसेस पूर्ण करने के लिए पहले पंजीकरण करना होगा और उसके बाद लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। आवेदन के लिए उम्मीदवारों के पास आधार नंबर होना जरूरी है। इस भर्ती के लिए उम्मीदवारों को योग्यता के आधार पर शॉर्टलिस्ट करके **SSB** इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जायेगा। एसएसबी के आधार पर अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। भर्ती से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार एक बार ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें।

सोने-चांदी के आभूषणों की महंगाई के चलते घर वाले व रिश्तेदार दे रहे एकमुश्त राशि

# शादियों में ज्वेलरी शॉपिंग का बदला ट्रेंड दुल्हन को गहने के बजाय एफडी दे रहे

**शादियों में अब चांदी-सोने के आभूषणों की शॉपिंग का ट्रेंड बदल गया है। महंगाई के चलते परिजन व रिश्तेदार दुल्हन को गहनों की जगह सीधे उनके नाम पर रकम फिक्स डिपॉजिट दे रहे हैं। अब शादी-विवाह में चांदी-सोने के गहनों का चलन नाममात्र तक सीमित रह गया। शहर के सराफा कारोबारी सुरेश भंसाली ने बताया कि अब लोग शादी-विवाह में पहले की तरह तोले के हिसाब से दुल्हन के लिए ब्राइडल ज्वेलरी सेट नहीं खरीद रहे, बल्कि एक फिक्स अमाउंट बजट के हिसाब से सोने-चांदी की ज्वेलरी खरीद रहे हैं।**

**रायपुर।** अब ज्यादातर परिवार चाहे वह मध्यवर्गी परिवार हो या फिर हाईप्रोफाइल, सभी घरों की शादी में दुल्हन के नाम से सीधे पैसे बैंक में फिक्स डिपॉजिट कराए जा रहे हैं। वहीं रिश्तेदार दुल्हन के बैंक अकाउंट में एकमुश्त राशि रस्म के तौर पर भेज रहे हैं। इसके बाद दुल्हन अपनी सुविधा और बजट के हिसाब से अपने लिए ज्वेलरी खरीद रही हैं। शादी-विवाह में दूल्हे-दुल्हन को रस्म के तौर पर फिक्स डिपॉजिट या डिजिटल पेमेंट से शगुन देने की परपंरा आजकल समाज में तेजी से बढ़ रही है। इस तरह से नवदंपति शादी की रस्म में मिले पैसों से अपनी सुविधा व बजट के अनुरूप मनपसंद ज्वेलरी खरीद रहे हैं या अन्य दूसरा इन्वेस्ट कर पा रहे हैं।








### लाइटवेट ज्वेलरी डिजाइन विकल्प

सोने-चांदी के ब्राइडल सेट की बात करें तो लाइटवेट ब्राइडल सेट डिजाइन में नेकलेस सेट, रिंग, कंगन, पायल, टेम्पल ब्राइडल सेट ट्रेंड कर रहा है। वहीं डायमंड ब्राइडल सेट डिजाइन में डायमंड फुल सेट वाइट-येलो डिजाइन खूब पसंद की जा रही हैं। दूसरी डिजाइन में ट्रेडिशनल ब्राइडल सेट में साउथ इंडियन डिजाइन, राजस्थानी ज्वेलरी डिजाइन सेट से रॉयल लुक पाने दुल्हनें बजट के अनुरूप कैरी कर रही हैं।



### ये रहे महंगे ब्राइडल सेट

सराफा कारोबारी ने बताया कि सोने के 10 व 20 लाख के ब्राइडल ज्वेलरी सेट में 1 नग हार, 2 नग ईयरिंग्स, 1 नग अंगूठी , 1 बिंदिया, 1 मांग पट्टिका, 2 कड़े और बाजूबंद का कंप्लीट सेट होता है। वहीं 50 लाख के डायमंड ब्राइडल सेट में 1 नग हार, 2 ईयरिंग्स, 1 नग बिंदिया, 2 नग कड़े, मांग पट्टिका, अंगूठी का सेट मिल रहा है, इसमें बाजूबंद नहीं है। इसी तरह से मिडिल क्लास के लिए 6 तोले के ब्राइडल सेट में भी लगभग इतने ही आयटम्स मिल रहे हैं। ये ब्राइडल सेट ग्राहकों के बजट के अनुरूप काफी डिमांडिंग है।

### चांदी 3 लाख 10 हजार प्रति किलो

*रायपुर सराफा एसोसिएशन के सलाहकार श्री भंसाली ने बताया कि रायपुर सराफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 150000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी का भाव 3 लाख 10 हजार रुपए प्रति किलोग्राम रहा। शादी के इस सीजन में सराफा बाजार में सोने-चांदी के हर दिन भाव यानी चढ़ती-उतरती कीमतों के बीच ग्राहक आभूषणों के वजन में कटौती कर रहे हैं।*

## सिटी इवेंट

## युवाओं में किताबें पढ़ने का नया ट्रेंड, संगीत और साउंड इफेक्ट्स वाली ऑडियोबुक्स कर रहे कैरी



**रायपुर।** युवाओं में कहानी, कविता, उपन्यास, मोटिवेशनल बुक्स पढ़ने का नया ट्रेंड चलन में आया है। बुक्स स्टॉल्स पर ऑडियोबुक्स और साउंड इफेक्ट्स वाली किताबें कैरी कर रहे हैं। ऐसे युवा जो किताब पढ़ने से ऊबते हैं, उनके लिए संगीत और साउंड इफेक्ट्स वाली ऑडियोबुक्स, उनकी हॉबी को रोचक बनाने में मददगार साबित हो रही हैं, क्योंकि ये कहानी को जीवंत बनाती हैं। सदर बाजार स्थित बुक सेल हाउस के संचालक विवेक गुप्ता ने बताया कि कुछ वर्षों में ऐसे युवा, जो किताब पढ़ने से ऊबते हैं, उनमें संगीत और साउंड इफेक्ट्स वाली ऑडियोबुक्स की डिमांड बढ़ी है। इन किताबों में युवा पाठकों को उनकी दुनिया से जुड़ी इमोशनल जोनर की किताबें खूब पसंद आ रही हैं। युवाओं को अब सिर्फ प्रेरणादायक नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की वास्तविक चुनौतियों को समझने वाली किताबें पसंद आ रही हैं, जिनमें फिक्शन, सोशल मीडिया दबाव, डिप्रेशन और पहचान जैसे विषयों पर आधारित किताबें और ऑडियोबुक्स शामिल हैं, जो उन्हें अपनी जिंदगी के मुद्दों से जोड़ती हैं और व्यावहारिक समाधान देती हैं। सदर बाजार स्थित बुक सेल हाउस के संचालक ने बताया कि इंग्लिश जोनर की किताबों में दि सर्वाइवर वान्ट्स टू डाई एट दि एंड बेस्टसेलर है। वहीं स्वामी विवेकानंद और अब्दुल कलाम की शिक्षाओं वाली किताबें शहर के युवाओं को खूब प्रभावित कर रही हैं।

> जो युवा किताब पढ़ने से ऊबते हैं ऑडियोबुक्स उनकी हॉबी को बना रही रोचक

### फिक्शन जोनर की किताबें खूब पसंद आ रहीं

ऐसी बुक्स युवाओं को समस्याओं से निपटने के तरीके बताती हैं, जैसे कैटलिन मोरन की किताबें प्रेरणादायक और आत्म-सुधार किताबें। इन किताबों में प्रमुख इम्पॉवरिंग यूथ शामिल है। साथ ही फिक्शन की किताबें अक्सर युवाओं की भावनाओं, रिश्तों, पहचान और समाज से जुड़े मुद्दों को गहराई से छूती हैं, जैसे डिप्रेशन पर आधारित किताब चैलेंजर डीप या दि आउट साइडर्स, जो सहानुभूति और सरलता से जीना सिखाती हैं। मानसिक स्वास्थ्य और चिंता पर किताबें सोशल मीडिया के दबाव, शरीर की छवि और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी किताबों को युवा पसंद कर रहे हैं।

### ये किताबें कर रहीं ट्रेंड

लेखक सरश्री की सदा शिवा- महादेव शिव दृष्टि रहस्य, अजय कुमार सिंह की ये ढाई दिन, अजीत भारती की घर वापसी, टेरी फेल्बर की किताब संवाद का जादू, डेमन जहरिएड्स की न कहने की कला, अमित गुप्ता की किताब रात के उस पार, बशीर बद्र की किताब मुसाफिर युवा पाठकों की डिमांड में है।

# स्टूडेंट्स ने परखा इंजीनियरिंग कौशल तैयार की सोलर-पॉवर्ड फैन किट्स

**रायपुर।** आकांक्षा स्कूल में मानसिक चुनौतियों से जूझ रहे बच्चों के लिए हैंड्स-ऑन शिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नवीकरणीय ऊर्जा के सिद्धांतों को समझाने की पहल के तहत किया गया। यह आयोजन कक्षा 11वीं की छात्रा एनाया अग्रवाल, जयश्री पेरिवाल इंटरनेशनल स्कूल जयपुर द्वारा किया गया। वहीं विद्यालय से 31 वर्षों से जुड़ी प्रतीक्षा ने सहयोग किया। यह कार्यशाला पारंपरिक शिक्षण के बजाय अनुभवात्मक शिक्षा पर केंद्रित रही। एनाया और रिदा ने छात्रों को यह समझाने के लिए स्वयं घर पर सोलर-पावर्ड फैन किट्स तैयार की, जिनके माध्यम से यह सिखाया गया कि सूर्य के प्रकाश को किस प्रकार विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर एक कार्यशील उपकरण चलाया जा सकता है। इन किट्स में सोलर पैनल, लकड़ी का स्टैंड, डीसी मोटर और प्लास्टिक फैन ब्लेड शामिल किया। पंखों को बाहर धूप में चलाकर परखा गया, जिससे बच्चों को अपने प्रयासों का त्वरित परिणाम देखने को मिला। इस गतिविधि का उद्देश्य विभिन्न सीखने की आवश्यकताओं वाले छात्रों के लिए वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल, रोचक बनाना एवं उनमें नवाचार और इंजीनियरिंग कौशल को प्रोत्साहित करना रहा। शिक्षकों ने सत्र के दौरान छात्रों में उत्साह, जिज्ञासा और सक्रिय भागीदारी देखी और बच्चों ने स्वयं बनाए गए कार्यशील उपकरण पर गर्व महसूस किया।



**नवाचार से जुड़े विद्यार्थी:** आकांक्षा स्कूल में सत्र की सफलता के बाद, रायपुर रोटरी क्लब के सहयोग से रायपुर के अन्य विद्यालयों अजीज स्कूल और गंज स्कूल में भी इसी प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिससे कार्यक्रम की पहुंच और बढ़ी। प्रत्येक प्रतिभागी छात्र अपने साथ एक कार्यशील सोलर पंखा लेकर गया, जिससे सतत विकास और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े पाठ और अधिक सुदृढ़ हुए।

# वृद्धाश्रम में समय बिताकर खिलाए तिल के लड्डू, बांटे जरूरत के सामान

**रायपुर।** सरयूपारी ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा दान-पुण्य का पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर पुलगांव दुर्ग के वृद्धा आश्रम में जाकर सेवा कार्य कर जरुरत के सामान वितरित किये। समाज की महिलाओं ने वृद्ध माताओं के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाया, उनके साथ समय बिताते हुए सुख-दुख साझा किया और उन्हें तिल के लड्डू खिलाएं। जिसे देखकर वृद्ध आश्रम की सदस्याओं ने सभी को आशीर्वाद दिया और सभी के चेहरे पर मुस्कुराहट दिखाई दी। सरयूपारी ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ भिलाई-दुर्ग की अध्यक्ष प्रिति दुबे ने बताया कि मकर संक्रांति सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व है, यानी अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का संकेत। प्रकृति का यह बदलाव पुराने गिले शिकवे भूलकर मीठी बातों के साथ नई शुरुआत करने का संदेश भी देता है। इसी उद्देश्य से सरयूपारी ब्राह्मण महिला समाज की सदस्याओं ने जरूरत के सामान देकर अन्य जानकारी भी ली। इस दौरान समाज की अध्यक्ष प्रिति राहुल दुबे, उपाध्यक्ष रीता शर्मा, रुक्मणी मिश्रा, सदस्य मीनाक्षी मिश्रा, पूनम उपाध्याय, स्मृति शर्मा सहित समाज की अन्य सदस्याएं उपस्थित रही।



## कार्नर न्यूज

तीसरी बटालियन अम्लेश्वर का घुड़सवारी दल पुलिस परेड ग्राउंड में मार्चपास्ट अभ्यास के लिए पहुंचा

# गणतंत्र दिवस पर दिखेगा हार्स राइडिंग और डॉग स्क्वॉड्स के करतब का रोमांच



**रायपुर।** गणतंत्र दिवस परेड पर हॉर्स राइडिंग स्टंट आकर्षण का केंद्र रहेगा। तीसरी बटालियन अम्लेश्वर के 13 हॉर्स का दल पुलिस परेड ग्राउंड में मार्चपास्ट में शामिल होने पहुंचा। सोमवार को पुलिस परेड ग्राउंड पर गणतंत्र दिवस परेड मार्चपास्ट के अभ्यास सत्र के दौरान तीसरी बटालियन अम्लेश्वर के घुड़सवारी दल ने अपने हॉर्स राइडिंग स्टंट का नमूना पेश किया। परेड प्रभारी सीपी रामवीर सिंह ने बताया कि घुड़सवारी दल को हवलदार अनिल सिंह कमांड कर रहे हैं। तीसरी बटालियन अम्लेश्वर में कुल 33 हॉर्स हैं, उनमें से 13 हॉर्स को गणतंत्र दिवस परेड के लिए विशेषकर सलेक्ट किया गया है। इन सभी हॉर्स के अलग-अलग नाम रखे हुए हैं। गणतंत्र दिवस परेड पर पांच राउंड पर हॉर्स स्टंट होगा। इसमें सबसे पहले घुड़सवारी दल द्वारा स्टैंडिंग सैल्यूट दिया जाएगा। इसके बाद दूसरी प्रस्तुति हॉर्स पर फ्लैग मार्च किया जाएगा। तीसरा राउंड इंडिविजुअल व टीम द्वारा स्टंट किया जाएगा। चौथा राउंड शो जंपिंग और पांचवा राउंड क्लैप राउंड किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 13 हॉर्स में ध्रुव, शक्ति, युवराज, धनुष, सारंगी, रुद्रा, अवनी, गंगा, जूही, अश्वत्थामा, ओजस और आभा नामक हॉर्स घुड़सवारी दल में गणतंत्र दिवस परेड पर मार्चपास्ट करेंगे।





### परेड में 18 प्लाटून्स का दल करेगा मार्चपास्ट

गणतंत्र दिवस परेड में प्लाटून की 18 टुकड़ियां भाग ले रही हैं। इसमें एनसीसी गर्ल्स एंड ब्वॉयज के साथ-साथ महिला बैगपाइपर बैंड दस्ता, पुरुष बैंड प्लाटून, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, यूपी पुलिस, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल महिला व पुरुष के जवान, घुड़सवार दल, डॉग स्क्वाड दल, जेल पुलिस पुरुष दल, नगर सेना महिला व पुरुष दल, सीआरपीएफ, जिला बल मिलाकर 18 प्लाटून दल गणतंत्र दिवस परेड में मार्चपास्ट कर सलामी में हिस्सा ले रहा है।

### ऐसा होगा मिनट टू मिनट कार्यक्रम

गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का मिनट टू मिनट कार्यक्रम इस प्रकार होगा। सुबह 8.59 राज्यपल का आगमन, 9 बजे ध्वज फहराना एवं सलामी, 9.01 से 9.10 बजे राज्यपाल द्वारा परेड का निरीक्षण एवं हर्ष फायर, 9.10 से 9.18 बजे परेड का मार्चपास्ट, 9.18 से 9.20 बजे परेड की समीक्षा एवं सलामी, 9.20 से 9.35 बजे राज्यपाल का संदेश, 9.35 से 10.05 बजे पदक अलंकरण एवं पुरस्कार वितरण, 10.05 से 10.15 बजे परेड का प्रस्थान एवं परेड कमांडर का परिचय, 10.15 से 10.18 बजे राज्यपाल द्वारा परेड कमांडर एवं पदक विजेताओं के साथ छायाचित्र, 10.18 से 10.28 बजे हॉर्स-शो, 10.28 से 10.36 बजे डॉग-शो, 10.36 से 10.43 बजे बैगपाइपर बैंड डिस्प्ले, 10.43 से 11.03 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 11.03 से 11.28 बजे झांकियों की प्रस्तुति, 11.29 बजे राष्ट्रीय धुन, 11.30 बजे राज्यपाल के प्रस्थान के साथ समारोह का समापन।

**सिटी लाइव**

## जीवन केवल कक्षा-परीक्षा और अंकों तक सीमित नहीं, इसका दायरा व्यापक



**रायपुर।** एनआईटी में सफलता का मार्गः धन, स्वास्थ्य और व्यवहार में संतुलन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह संस्थान के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कैरियर डेवलपमेंट सेंटर के प्रमुख डॉ. समीर बाजपेयी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम के विशेषज्ञ वक्ता डॉ. श्याम कुमार अलुमिनी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी कानपुर रहे। कार्यक्रम में डॉ. श्याम कुमार ने अपना व्याख्यान आरंभ किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को कॉलेज जीवन के अनुभवों और चुनौतियों से अवगत कराते हुए कहा कि जीवन केवल कक्षा, परीक्षा अथवा अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका दायरा कहीं अधिक व्यापक है। प्रत्येक व्यक्ति जीवन में आगे बढ़ना चाहता है और सकारात्मक परिवर्तन अपनाता है, परंतु केवल भौतिक विकास ही पर्याप्त नहीं है; व्यक्ति के स्वभाव, सोच एवं आचरण का विकास भी उतना ही आवश्यक है। वहीं कार्यक्रम में डॉ. समीर बाजपेयी ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया और सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया कि मानवीय मूल्यों को अपने जीवन में ज्यादा से ज्यादा आत्मसात करें और इन मूल्यों पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाए।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में डॉ. हिना चावड़ा साइकोलोजिकल काउंसलर एनआईटी रायपुर ने विशेषज्ञ वक्ता का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने डॉ. श्याम कुमार का स्वागत किया एवं उन्हें अपने विचार प्रस्तुत करने हेतु मंच प्रदान किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इस व्याख्यान को ध्यानपूर्वक सुनें और इससे प्राप्त विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें।

**समाज लाइव**

## परिचय सम्मेलन बना सामाजिक एकता और तकनीकी नवाचार का उदाहरण



**रायपुर।** मगध तैलीक समाज द्वारा आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन समाज के लिए एक अत्यंत सफल, भावनात्मक और ऐतिहासिक आयोजन सिद्ध हुआ। इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों एवं उनके अभिभावकों को एक विश्वसनीय, पारदर्शी और संगठित मंच प्रदान करना था, जिसमें समाज पूर्ण रूप से सफल रहा। कार्यक्रम के लिए कुल 131 बायोडाटा पंजीकृत किए गए थे, जिनमें से 50 से अधिक युवक युवतियां स्वयं मंच पर उपस्थित होकर आत्मविश्वास के साथ अपना परिचय प्रस्तुत किए। आयोजन के दौरान अनेक परिवारों को अपनी पसंद और सोच के अनुरूप रिश्तों की ठोस संभावनाएं प्राप्त हुईं, जिससे समाज में सकारात्मक वातावरण बना। इस सफल आयोजन का समाज के अध्यक्ष राजकुमार साव ने किया।

### समाज की एकजुट मदद से कार्यक्रम हुआ सफल

कार्यक्रम को सफल एवं सुचारु बनाने में समाज के दानदाताओं का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। दानदाताओं द्वारा दिए गए आर्थिक एवं नैतिक सहयोग से पंजीयन काउंटर, तकनीकी संसाधन, काउंसलिंग व्यवस्था, मंच संचालन, स्वल्पाहार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं संभव हो सकीं। दानदाताओं का यह सहयोग केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि समाज के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मगध तैलीक समाज उनके इस अमूल्य योगदान के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता है। समाज के अध्यक्ष राजकुमार ने कहा कि यह आयोजन समाज के युवाओं के वैवाहिक भविष्य को सुरक्षित, सरल और सम्मानजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**इवेंट लाइव**

## जीवनसाथी चुनने युवक-युवतियों ने दिया परिचय, प्रदेशभर से पहुंचे समाज के लोग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ यादव समाज द्वारा 34वां राज्यस्तरीय यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सम्मान समारोह और सामाजिक आदर्श सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन शहीद स्मारक भवन में गत दिनों किया गया। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेशों से भी यादव महिला, पुरुष, युवक, युवती, बुजुर्ग, समाज प्रमुख शामिल हुए। साथ ही परिचय सम्मेलन में आवेदन 400 की संख्या में पंजीकृत हुए, जिनमें 250 युवती और 150 युवकों ने भाग लिया तथा 25 जोड़ों का कार्यक्रम स्थल में ही विवाह तय हुआ और 30 परिवारों का सिर्फ परिचय हुआ, वह भी करीब-करीब तय होना निश्चित है। इस कार्यक्रम में 1 जोड़े का आदर्श सामूहिक विवाह समाज द्वारा कराया गया। यह जानकारी प्रांतीय अध्यक्ष सुधीर यादव ने देते हुए बताया कि मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यादव समाज छत्तीसगढ़ में बहुसंख्यक है, लेकिन शिक्षा, राजनैतिक अन्य क्षेत्रों में पिछड़े हुए हैं। समाज के प्रमुखों को विशेष रूप से ध्यान देकर उनके विकास के लिए कार्य करें। इसी दौरान विधायक सुनील सोनी ने कहा कि यादव समाज को जब भी सहयोग चाहिए, मैं हमेशा तैयार रहूंगा। यादव समाज द्वारा ज्ञापन दिया गया कि बंधवापारा यादव समाज सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए विधायक निधि से देने की घोषणा किया है।

● विद्यालय में पांच प्रमुख प्रकार की दी जाती है थेरेपी, इससे सुधर रहे दिव्यांग बच्चे

# थेरेपी से संवर रहा दिव्यांग बच्चों का कल, योग-संगीत और ध्यान के जरिए मुख्यधारा से जोड़ने की अनूठी पहल

दिव्यांगता भले ही जीवनभर साथ रहे, लेकिन समय पर सही इलाज और मार्गदर्शन से उसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा सप्रे स्कूल प्रांगण में संचालित विशेष विद्यालय दिव्यांग बच्चों के जीवन को नई दिशा देने का कार्य किया जा रहा है। यह मध्यभारत का पहला ऐसा विद्यालय है, जहां दिव्यांग बच्चों को एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार की विशेष थेरेपी देकर उनकी दिव्यांगता पर नियंत्रण लाने का प्रयास किया जाता है, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें और सामान्य बच्चों के साथ स्कूल में आगे की पढ़ाई सामान्य रूप से कर सकें।



**रायपुर।** विद्यालय में जब किसी दिव्यांग बच्चे को लाया जाता है तो सबसे पहले उसकी आवश्यकताओं के अनुसार बौद्धिक अवलोकन एवं असेसमेंट कर भिन्न-भिन्न थेरेपी दी जाती है। इन थेरेपी से बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से धीरे-धीरे मजबूत होते हैं। जब बच्चा सामान्य गतिविधियों को करने में सक्षम हो जाता है तो उसे इसी विशेष विद्यालय की सामान्य कक्षा में शामिल किया जाता है। इसका उद्देश्य यह है कि बच्चे सामान्य वातावरण में ढल सके और आगे चलकर किसी भी सामान्य स्कूल में पढ़ाई कर सके। पुनर्वास केंद्र में जब बच्चे सामान्य हो जाते हैं तो उन्हें केंद्र के ही प्री-प्राइमरी स्कूल में एडमिशन दिया जाता है, ताकि वे मानसिक रूप से सामान्य स्कूल जाने के लिए तैयार हो सकें।



### चिकित्सा से जुड़ी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

विद्यालय में बच्चों के लिए शिक्षा और चिकित्सा से जुड़ी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां एक पुस्तकालय है, जिसमें चिकित्सा से संबंधित किताबें हैं। साथ ही शैक्षणिक चार्ट, थ्री-डी वीडियो मॉडल, कंप्यूटर और प्रोजेक्टर की भी सुविधा है। बच्चों को रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियां जैसे ड्रॉइंग, क्राफ्ट, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्लाइडर और ट्रैम्पोलिन में भी शामिल किया जाता है। इन गतिविधियों से बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा मिलता है।



### पांच प्रमुख प्रकार की थेरेपी दी जा रही

विद्यालय में पांच प्रमुख प्रकार की थेरेपी दी जाती है। पहली स्पीच थेरेपी, जो उन बच्चों को दी जाती है, जिन्हें सुनने या बोलने या हकलाकर बोलने में, शब्दों का सही उच्चारण नहीं कर पाने में परेशानी होती है। यदि सुनने में कमी पाई जाती है तो उन्हें हियरिंग एड यानी श्रवण यंत्र दिया जाता है और फिर बोलने की ट्रेनिंग दी जाती है। दूसरी ऑक्यूपेशनल थेरेपी है, जिसमें बच्चों को रोजमर्रा की गतिविधियों के लिए तैयार किया जाता है। यह थेरेपी संसरी संवेदनात्मक रूम में दी जाती है जो रंगबिरंगी रोशनी और सजावट एवं गमक कौशल से बच्चों को सक्रिय बनाए रखती है। तीसरी रेमेडियल थेरेपी है, जो पढ़ने-लिखने में कमजोर या ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों के लिए होती है। इसमें उनकी मानसिक क्षमता के अनुसार अभ्यास आधारित शिक्षा दी जाती है। चौथी थेरेपी नैदानिक मनोचिकित्सा है, जिसमें बच्चों के मानसिक विकास पर काम किया जाता है।



## नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद, ढोल की थाप पर परिक्रमा कर मांगी सुख-समृद्धि

**रायपुर।** रामगढ़िया सेवक सभा द्वारा रविवार शाम टाटीबंध स्थित महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया भवन में लोहड़ी पर्व मनाया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। पारंपरिक पंजाबी गीतों, भांगड़ा, गिद्धा और नाटकों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इन कार्यक्रमों के जरिए समाज ने नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का संदेश दिया। समारोह में समाज के सचिव ओंकार सिंह मूदड़ ने सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित यूथ विंग के अध्यक्ष दलजीत सिंह धंजल और उनकी टीम की घोषणा करते हुए उन्हें बधाई दी। इस विशेष अवसर पर समाज के नवविवाहित जोड़ों और नवजात शिशुओं को उपहार देकर बड़ों का आशीर्वाद मिला। मंच संचालन कंवलजीत कौर और हैप्पी सिंह ने किया।



### अग्नि परिक्रमा कर मांगी सुख-समृद्धि



कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष बलदेव सिंह भूई, जीएस भामरा और महिला विंग की अध्यक्ष प्रदीप कौर ने बच्चों, युवाओं व वरिष्ठजनों के साथ मिलकर लोक परंपराओं के अनुरूप लोहड़ी जलाई। सभी ने ढोल की थाप पर अग्नि की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान रेवड़ी, मूंगफली और तिल का प्रसाद वितरित किया गया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को लोहड़ी की बधाई दी और प्रीति भोज का आनंद लिया। कार्यक्रम में सभी विंग के पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## स्टूडेंट्स का बढ़ रहा गीता और ज्योतिषि की ओर झुकाव



**रायपुर।** नए स्टूडेंट्स का झुकाव गीता और ज्योतिषि में अधिक दिख रहा है। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन युनिवर्सिटी (इग्नू) में जनवरी 2026 प्रवेश सत्र की बात की जाए तो यहां सबसे अधिक प्रवेश एमबीए में हुए। इसके बाद स्टूडेंट्स ने भगवत गीता और ज्योतिष से एमए करने के लिए ऑनलाईन आवेदन किया है। पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल डेव्हलपमेंट में भी काफी आवेदन आए हैं शा. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी कॉलेज इग्नू अध्ययन केन्द्र के मुख्य समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना ने बताया कि प्रवेश पोर्टल के आरंभ होने के प्रारंभिक 15 दिनों में यह स्थिति देखने में आयी है। अभी इग्नू के विभिन्न पाठ्यकमों में जनवरी माह में प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाईन रूप से जारी रहेगी। डॉ. सुराना ने बताया कि दिसंबर 2025 सत्र में समाप्त हुई टर्म एण्ड परीक्षा से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों बीसीए, एमसीए पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन जियो इन्फॉरमेटिक्स, एमएससी जियो इन्फॉरमेटिक्स तथा एमए भूगोल आदि की प्रायोगिक परीक्षाएं जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में आरंभ होगी। इन परीक्षाओं से पूर्व परीक्षार्थियों के लिए प्रशिक्षण प्रायोगिक कक्षाएं साइंस कालेज दुर्ग में आरंभ हो गयी है। परीक्षार्थी अपने संबंधित विषय के विभाग से सम्पर्क कर प्रशिक्षण कक्षाओं एवं प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि की जानकारी प्राप्त कर सकते है। साइंस कालेज दुर्ग इग्नू अध्ययन केन्द्र के सहायक समन्वयक डॉ. जीएस ठाकुर और डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि इग्नू अध्ययन केन्द्र में वर्तमान में चल रहे इतिहास, समाजशास्त्र, कॉमर्स, हिन्दी, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, संस्कृत, ग्रामीण विकास, राजनीति शास्त्र, लाईब्रेरी साइंस, कम्प्यूटर साईंस आदि विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री तथा बीए, बी.कॉम., बीसीए आदि स्नातक डिग्री तथा पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन जियो इन्फॉरमेटिक्स, आपदा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, खाद्य एवं पोषण में डिप्लोमा, मानव अधिकार, पर्यावरण में सर्टिफिकेट तथा एमबीए, एमए भगवत गीता, एमए ज्योतिष, एमएसडब्ल्यू खाद्य एवं पोषण में स्नातकोत्तर डिग्री, एमएससी जियोइन्फॉरमेटिक्स जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम में ऑनलाईन रूप से प्रवेश की सुविधा उपलब्ध हैं।

**कार्नर न्यूज**

समाज का विकास तभी संभव, जब सभी वर्ग एक-दूसरे का हाथ थामकर आगे बढ़ें

# सास और बहू ने कुर्सी के लिए लगाई दौड़, तिल और गुड़ से बने पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

**रायपुर।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज का सामाजिक सम्मेलन सांस्कृतिक परंपराओं और संगठनात्मक एकता के संदेश के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सम्मेलन में सांस्कृतिक और पारिवारिक सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें सास और बहू द्वारा एक साथ कुर्सी दौड़ में भाग लेते हुए सामाजिक समरसता, आपसी प्रेम और पारिवारिक सौहार्द का संदेश दिया। साथ ही तिल- गुड़ से बने पारंपरिक व्यंजनों की प्रतियोगिता में सभी ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। पारंपरिक महाराष्ट्रीयन वेशभूषा में सजी महिलाओं की उपस्थिति ने सम्मेलन को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। मकर संक्रांति के बाद आयोजित सामाजिक चेतना सम्मेलन में राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, चरोदा और रायपुर से बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शिरकत की। राजनांदगांव से मंडल



अध्यक्ष राजेश समरीत, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बुटले, युवा मंडल अध्यक्ष प्रकाश समरीत, वासुदेव गायधनी, साधना घाटोडे, सारिका समरीत सहित अनेक पदाधिकारी शामिल हुए और सामाजिक एकजुटता संदेश दिया। सम्मेलन में मुख्य प्रभारी राजेंद्र डोरले, संजय मरघडे, मोहीत साखरकर, देवेंद्र बारई, मोहीत निखाडे, राजेंद्र भांगे और जीतेश भोंगाडे, महिला मंडल की ओर से निशा मलेवार, हेमा पोहाने और सरीता कामडे ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय आर्य ने किया।

### बच्चों को विशेष संस्कार देने पर दिया जोर

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि सामाजिक पहचान और एकता के बिना कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि जब समाज अपनी पहचान को समझकर संगठित होता है, तभी उसकी बात सुनी जाती है और उसका भविष्य सुरक्षित होता है।उन्होंने समाज के साथ मिलकर सामूहिक रूप से आगे बढ़ने पर बल देते हुए कहा कि समाज का विकास तभी संभव है जब सभी वर्ग एक-दूसरे का हाथ थामकर आगे बढ़ें। उन्होंने बच्चों को विशेष संस्कार देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यदि समय रहते नैतिक और सामाजिक संस्कार नहीं दिए गए तो समाज की बेटियां असुरक्षा और पीड़ा का शिकार बनती रहेंगी।मजबूत संस्कार ही सुरक्षित परिवार और सशक्त समाज की नींव होते हैं।

### महिला विंग ने दी समाज को मजबूती

विशिष्ट अतिथि स्मिता दोडके ने महिला समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला। समाज के अध्यक्ष राजेंद्र डोरले ने कहा कि समाज की एकता और सहभागिता ही इस सम्मेलन की सबसे बड़ी सफलता है और इसी भावना के साथ समाज को आगे बढ़ाया जाएगा। महिला मंडल अध्यक्ष निशा मलेवार ने कहा कि महिला समाज ने सदैव संगठन को मजबूती दी है और आगे भी सामाजिक व पारिवारिक मूल्यों की रक्षा में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाती रहेंगी।

## हेल्थ टिप्स

## जिला टेबल टेनिस में रविराज, समाया और कवीश बने विजेता



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ की ओर से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल में स्व. ज्ञान चंद लुनिया स्मृति- चतुर्थ जिला त्रैमासिक लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 17 और 18 जनवरी को आयोजित की गई। इसके साथ ही वर्ष 2025-26 की अंतिम त्रैमासिक लीग प्रतियोगिता भी यहां सम्पन्न हुई। समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि संघ के उपाध्यक्ष राजेश लुनिया थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपाध्यक्ष गिरिराज बागड़ी ने की। मंच पर संघ के पदाधिकारी अजीत बेनर्जी, विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक प्रणय नंद मजुमदार उपस्थित थे। प्रतियोगिता के सभी वर्गों के अंतिम परिणाम में सीनियर पुरुष वर्ग विजेता एम. रविराज, उपविजेता- राजीव साहू 2-0 तृतीय विशाल डेकाटे और उपरोक्त तीनों खिलाड़ियों के अतिरिक्त अर्जुन मल्होत्रा, ऋषभ नागवानी, कल्पेश जादवानी, यशवंत डेकाटे, आर्यन सिंह ने क्रमशः चौथा से आठवां स्थान प्राप्त किया। सीनियर महिला वर्ग विजेता समाया पांडे, उपविजेता लावण्या पांडे 2-1 तृतीय आरना खोटेले और उपरोक्त तीनों खिलाड़ियों के अतिरिक्त उपासी धनगड़ ने चौथा स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर (अंडर -15) बालक वर्ग विजेता कवीश काला, उपविजेता आर्यन सिंह, तृतीय श्रेष्ठ मिश्रा और उपरोक्त तीनों खिलाड़ियों के अतिरिक्त तेजस जादवानी, अभिनव पीटर, आरुष नत्थानी, अद्विक सिंह सेंगर, नीरव तिवारी ने क्रमशः चौथा से आठवां स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर (अंडर -15) बालिका वर्ग विजेता समाया पांडे, उपविजेता लावण्या पाण्डे 2-1 और तृतीय काव्या बागड़ी रहे। मुख्य निर्णायक प्रणय नंद मजुमदार थे। विगत दिनों वडोदरा में आयोजित वर्ल्ड टेबल टेनिस फीडर में राजीव साहू तथा वर्ल्ड टेबल टेनिस यूथ कंटेंडर में समाया पांडे को पहली बार छत्तीसगढ़ से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एस.ए. अली, मो शफाक, परिवेश मिश्रा, प्रियंक पांडे, श्रीमती शीतल काला, श्रीमती बागड़ी, हेमराज डेकाटे, इंसी पांडे, लाभांशु यदु, पुलकित यदु, यशस्वी धनकर और धनंजय सहित अन्य उपस्थित थे। यह जानकारी प्रवीण निरापुरे ने दी।

## छत्तीसगढ़ टीम नेशनल रग्बी के लिए भुवनेश्वर पहुंची



**रायपुर।** रग्बी सेवेन्स चैम्पियनशिप 20 से 21 जनवरी तक कलिंगा रुपोटस कॉम्प्लेक्स, भुवनेश्वर (ओडिशा) में जारी है। यह चैम्पियनशिप खेल एवं युवा सेवा विभाग, ओडिशा शासन के तत्वाधान में ओडिशा रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ रग्बी फुटाबॉल एसोसिएशन से सब-जूनियर (अंडर-15) बालक की टीम हिस्सा ले रही है। टीम के चयनित प्रतिभागी बालक खिलाड़ियों में राकेश कुमार, पवन कुमार, गोपाल धुरंधर, लीलेश कुमार, भूपेन्द्र साहू, यश गुप्ता, झलक राम ध्रुव, विक्रम यादव, हर्ष फेकर, अनुराग मरावी, चौतन्य मरकाम, तुषार जांगड़े, योगेश पटेल, कोच ओमप्रकाश यादव तथा मैनेजर योगेश पटेल हैं। टीम को एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## अंडर -13 क्रिकेट 23 से




**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई की ओर से 23 जनवरी से 30 जनवरी तक अंडर -13 एक दिवसीय (40-40) ओवरों की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीमें भाग ले रही है। इन टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है। पूल ए में इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर, यंग स्टार क्रिकेट अकादमी अहिवारा, क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी भिलाई और पूल बी में स्टील सिटी क्रिकेट अकादमी भिलाई, गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी भिलाई, एवं जय हिंद क्रिकेट अकादमी रायपुर है। यह जानकारी क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी के कोच शांतनु घोष ने दी है।

## वेस्ट जोन सॉफ्ट टेनिस में जारी है शानदार प्रदर्शन

**रायपुर।** अस्मिता लीग वेस्ट जोन सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता वीआईपी क्लब में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर महिला वर्ग का आयोजन छत्तीसगढ़ अमेचर सॉफ्ट टेनिस संघ द्वारा किया जा रहा है। 21 जनवरी तक चलने वाली प्रतियोगिता में मेजबान छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, गोवा सहित तेलंगाना से कुल 195 महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### बदलती जीवन शैली का सीधा असर हो रहा हमारे हाजमे पर

# आम होती जा रही अपच या बदहजमी की समस्या खानपान में सुधार कर बच सकते हैं तकलीफ से

पेट में समस्या होना एक बेहद आम बात है, जिससे लगभग सभी लोग कभी न कभी जरूर दो-चार होते हैं। मगर ध्यान देने वाली बात यह है अगर इसे हर बार नजरअंदाज कर रहे हैं तो ये गंभीर हो सकता है। इसलिए आइए इस लेख में इससे बचाव के कुछ उपाय जानते हैं।

आज की आधुनिक जीवनशैली में अनियमित खान-पान और तनावपूर्ण दिनचर्या ने 'अपच' या 'बदहजमी' को एक आम घरेलू समस्या बना दिया है। चिकित्सकीय भाषा में इसे 'डिस्पेप्सिया' कहा जाता है, जो कोई बीमारी नहीं बल्कि पाचन तंत्र में गड़बड़ी का एक लक्षण है। अक्सर हम स्वाद के चक्कर में जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं या फिर बहुत जल्दी-जल्दी भोजन निगलते हैं, जिससे हमारे पेट को भोजन पचाने के लिए आवश्यक एसिड और एंजाइम्स बनाने में कठिनाई होती है।



इसी वजह से सीने में जलन, पेट फूलना, खट्टी डकारें आना और पेट के ऊपरी हिस्से में भारीपन महसूस होने लगता है। अगर इस समस्या को लंबे समय तक नजरअंदाज किया जाए, तो यह गैस्ट्रिटिस या पेप्टिक अल्सर जैसी गंभीर स्थितियों का रूप ले सकती है। अपच केवल शारीरिक कष्ट नहीं देती, बल्कि यह आपकी कार्यक्षमता और मानसिक शांति को भी प्रभावित करती है। इसलिए आइए इस लेख में इससे बचाव के कुछ उपाय के बारे में जानते हैं।



### खाने के तरीके और समय में बदलाव

अपच से बचने का सबसे अच्छा और सरल तरीका है 'अच्छी तरह चबाकर खाना'। जब हम भोजन को मुंह में ही तरल बना देते हैं, तो लार में मौजूद एंजाइम्स पाचन प्रक्रिया को आधा वहीं पूरा कर देते हैं। इसके अलावा, रात का खाना सोने से कम से कम 3 घंटे पहले खाएं। देर रात भारी भोजन करने से लेटने पर पेट का एसिड फूड पाइप में वापस आ सकता है, जिससे 'हार्टबर्न' की समस्या बढ़ जाती है।

### इन खाद्य पदार्थों से बनाएं उचित दूरी

मसालेदार भोजन, अत्यधिक तला-भुना खाना और कैफीन युक्त पेय पदार्थ अपच के सबसे बड़े ट्रिगर माने जाते हैं। ये चीजें पेट की परत में जलन पैदा करती हैं और एसिड के उत्पादन को अनियंत्रित कर देती हैं। कार्बोनेटेड ड्रिंक्स या कोल्ड ड्रिंक्स पेट में गैस के बुलबुले पैदा करते हैं, जिससे पेट फूलने लगता है। इनकी जगह छाछ, नारियल पानी या अदरक वाली चाय का सेवन करना पाचन के लिए कहीं अधिक फायदेमंद होता है।

### सक्रिय जीवनशैली बहुत जरूरी

पाचन का सीधा संबंध हमारे नर्वस सिस्टम से होता है। अत्यधिक तनाव लेने से शरीर की 'फाइट या फ्लाइट' प्रतिक्रिया सक्रिय हो जाती है, जो पाचन क्रिया को धीमा कर देती है। रोजाना 20-30 मिनट की पैदल सैर या वज्रासन जैसे योगासन भोजन के बाद करने से आंतों की गतिशीलता बढ़ती है। सक्रिय रहने से शरीर में खून संचार बेहतर होता है, जिससे पाचक अंगों को अपना काम करने में आसानी होती है।

### कब लें डॉक्टर की सलाह?

अपच की समस्या होने पर तुरंत दवाओं के बजाय घरेलू उपचार जैसे अजवाइन का पानी, काला नमक या हींग का सेवन करें। ये चीजें प्राकृतिक रूप से गैस और भारीपन को कम करती हैं। हालांकि अगर आपको मल में खून आए, वजन अचानक कम होने लगे या निगलने में कठिनाई हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। ध्यान रखें अगर आपकी परेशानी लंबे समय तक बना रहे या घरेलू उपायों के बाद भी नहीं आराम हो तो डॉक्टर से परामर्श लें। संतुलित खान-पान ही आपकी सबसे बड़ी औषधि है।





## एक्सरसाइज से जुड़े कई मिथक हैं प्रचलित, सबकी राय अलग-अलग

अगर आप उनमें से हैं जो बहुत ही सीरियस होकर ट्रेनिंग लेते हैं या फिर आप एक्सरसाइज शुरू करने की योजना बना रहे हैं, तो आपने उससे जुड़ी कई बातें सुनी होंगी। आपने कुछ अच्छे मिथक (जो वास्तव में सत्य हैं) और बुरे मिथक (जो बहुत समस्याग्रस्त हो सकते हैं) के बारे में सुना होगा।

हार्वर्ड में ह्यूमन इवोल्यूशनरी बायोलॉजी के प्रोफेसर डैनियल लिबरमैन ने इन मिथकों के बारे में बताया है, ताकि आप जान सकें कि अपने डेली रूटीन में आप कुछ गलत तो नहीं कर रहे। वैसे आपको जानकर हैरानी होगी कि बॉलीवुड सुपरस्टार जॉन अब्राहम भी अक्सर एक्सरसाइज से जुड़े इन मिथ्स के बारे में बात करते रहते हैं।

### दौड़ना आपके घुटनों के लिए बुरा है



ये एक ऐसी आम धारणा है, जो बहुत गलत है। ज्यादातर लोगों को रनिंग के बारे में यही धारणा होती है और वो उसे सच मानते हैं। सभी को लगता है कि रनिंग करने से समय के साथ आपके घुटनों पर बुरा असर पड़ेगा। लेकिन होता वास्तव में इसके बिल्कुल विपरीत है। दौड़ने से वास्तव में आपके ज्वाइंट्स को समय के साथ खुद को ठीक करने की आदत हो जाती है। अगर आप रोइंग या स्विमिंग भी करते हैं, तो हमें बस ये ध्यान रखने की आवश्यकता है कि हमें इसके फायदे उठाने के लिए इसे ठीक से करना सीखना चाहिए।

दौड़ने से घुटने के जोड़ों में सूजन कम होती है और यह ऑस्टियोअर्थराइटिस की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। एक शोध में भी यह बात सामने आई है। अमेरिका के यूटा में ब्रिघम यंग विश्वविद्यालय में व्यायाम विज्ञान के सहायक प्रोफेसर और शोध के सहलेखक मैट सीली ने कहा, ९यह विचार की लंबी दूरी की दौड़ आपके घुटनों के लिए बुरा है, एक मिथक हो सकता है।

### एक्सरसाइज की कोई सही मात्रा नहीं है

जब तक आप ऐसे व्यक्ति नहीं हैं, जिसे डेली वर्कआउट (या सप्ताह में लगभग 4-5 बार) करने की आदत है, तो हो सकता है कि अपनी वीकली वर्कआउट की मात्रा पूरी नहीं कर रहे हों, जो प्रति सप्ताह 150 मिनट है। लिबरमैन के अनुसार, आपको स्वस्थ रहने के लिए हर दिन बहुत ज्यादा एक्सरसाइज की आवश्यकता नहीं है। आप न्यूनतम एक्टिविटी के साथ भी फिट रह सकते हैं।

### एक्सरसाइज का एक परफेक्ट फॉर्म है

एक्सरसाइज का मामला बहुत ही पर्सनल है और एक्सरसाइज की एक तय मात्रा सभी के लिए एकसमान रूप से कार्य नहीं करती है। इसी तरह एक एक्सरसाइज भी सभी के लिए उपयुक्त नहीं है और इसीलिए आपको एक्सरसाइज के प्रकारों के बारे में सावधान रहना चाहिए, और साथ ही एक्सरसाइज की ड्यूरेशन के बारे में भी, जिसे आप अपने लिए चुनते हैं। एक हफ्ते में एक निश्चित मात्रा में एक्सरसाइज अच्छी है (जैसा कि दूसरे पांइट में बताया गया है), पर इसकी इंटेंसिटी और फ्रीक्वेंसी प्रत्येक व्यक्ति के हिसाब से अलग अलग हो सकती है। किसी और के लिए जो एक्सरसाइज जबरदस्त काम कर रही है, वह जरूरी नहीं कि आपके लिए भी वैसे ही काम करे। बस आपको एक्टिव रहने का एक तरीका खोजना सुनिश्चित करना चाहिए।



# एनपीएल में सरकारी कर्मियों ने जड़े चौके-छक्के

- केबिनेट मंत्रीद्वय टंकराम वर्मा और गुरु खुशवंत की मौजूदगी में हुए शानदार मुकाबले

**रायपुर।** नवा रायपुर में आयोजित नवा रायपुर प्रीमियम लीग (एनपीएल) के दूसरे दिन शानदार चार मैचों की श्रृंखला संपन्न हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा एवं गुरु खुशवंत साहब के कर-कमलों हुआ। उद्घाटन अवसर पर मंत्री वर्मा ने अपने शासकीय सेवा काल को स्मरण करते हुए मानव जीवन में खेलों के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला। वहीं मंत्री गुरु खुशवंत साहब ने शासकीय सेवकों के जीवन में खेलों के महत्व को रेखांकित किया।

प्रथम मैच में खेल एवं युवा कल्याण विभाग बनाम संचनालय चिकित्सा शिक्षा खेल विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 75 रन बनाए और चिकित्सा शिक्षा विभाग को 76 रनों का लक्ष्य दिया। योगराज (29 रन) एवं गिरीश शुक्ला (18 रन) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। जवाब में चिकित्सा शिक्षा विभाग 5 विकेट खोकर मात्र 68 रन ही बना सका।मैन ऑफ द मैच योगराज रहे।

दूसरे मैच में आबकारी विभाग बनाम स्वास्थ्य विभाग आबकारी विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 52 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने 3 विकेट खोकर निर्धारित 8 ओवरों में 57 रन बनाकर जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच वेद प्रकाश (स्वास्थ्य विभाग) ने 33 रन बनाए। तीसरे मैच में वन विभाग बनाम नवा रायपुर विकास प्राधिकरण में वन विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एनआरडीए को 92 रनों का लक्ष्य दिया।







लक्ष्य का पीछा करने उतरी एनआरडीए की टीम 9 विकेट खोकर मात्र 33 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच विकास ने 33 रन बनाए। चौथे मैच में उच्च शिक्षा विभाग बनाम क्रेडा उच्च शिक्षा विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 37 रन बनाए। जवाब में क्रेडा ने 7 विकेट खोकर 39 रन बनाते हुए मैच अपने नाम किया। मैन ऑफ द मैच फ़रेहा (क्रेडा) ने 10 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट लिए। आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आयोजन समिति की ओर से संयोजक कमल वर्मा, सह संयोजक जय कुमार साहू एवं संतोष कुमार वर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती जगदीप बजाज, महासचिव संचित शर्मा, लोकेश वर्मा, महेंद्र साहू ने सक्रिय भूमिका निभाई। अंपायर के रूप में देवाशीष दास, अमित शर्मा एवं दामोदर, स्कोरर के रूप में रमन, तथा कॉमेंटेटर के रूप में सुनील उपाध्याय एवं राघव ने अपने दायित्वों का सफल निर्वहन किया। नवा रायपुर प्रीमियम लीग का यह आयोजन शासकीय सेवकों में खेल भावना, टीमवर्क एवं कार्यक्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हो रहा है।



## नेशनल पैरा कबड्डी में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ की टीम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पैरा कबड्डी टीम दो दिवस के राज्य स्तरीय आयोजन उपरांत ए.एम.टी.जे कैंपस विशाखापत्तनम आंध्रप्रदेश के लिए मंगलवार को दुर्ग विशाखापत्तनम एक्सप्रेस से रवाना हुई। जहां 22 राज्यों की टीम इस प्रतियोगिता में भाग ले रही है। प्रतियोगिता 27 जनवरी तक चलेगी। छत्तीसगढ़ पैरा कबड्डी टीम जन सामर्थ्य कल्याण समिति छत्तीसगढ़ के सहयोग से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले रही है। जहां टीम के उत्साहवर्धन के लिए संयुक्त संचालक समाज कल्याण विभाग रायपुर अरविंद गेडाम, समाज सेवी देवेंद्र सिंह बल, राज्य योजना आयोग के विधिक सलाहकार एडवोकेट सौरभ चौधरी व ने पुष्प गुच्छ व देवेंद्र सिंह बल ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि देकर टीम को बिदाई दी । पूरे छत्तीसगढ़ से 14 खिलाड़ी और 3 ऑफिशियल कार्यक्रम में सम्मिलित हो रहे है।















## खबर संक्षेप



### कांग्रेस ने की दावा आपत्ति की तिथि बढ़ाने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के संबंध में निर्वाचन आयोग पहुंचा, जहां उसने निर्वाचन पदाधिकारी भोस्कर विलास संदीपन से मुलाकात कर बताया कि दस्तावेजों की उपलब्धता, तकनीकी कठिनाइयों की समस्या है, जिसके कारण कई योग्य मतदाता प्रक्रिया में वंचित रह गए हैं। कांग्रेस ने एसआईआर की दावा आपत्ति की तारीख बढ़ाने की मांग की है। साथ ही सलवा जुडूम में गांव से विस्थापितों और अंतरराज्यीय प्रवासी श्रमिकों के लिए विशेष प्रकिया की मांग की है। भाजपा पर एसआईआर प्रक्रिया में कांग्रेस ने गड़बड़ी का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि आदिवासी, मजदूर, अल्पसंख्यक समेत अन्य वर्गों से आने वालों को सत्ताधारी दल निशाना बना रही है और सुनियोजित साजिश करने शिकायतें मिली है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने इसे लेकर पहले भी शिकायत की थी। वहीं छत्तीसगढ़ से कमाने के लिए दूसरे राज्य गए लोगों के लिए विशेष प्रक्रिया की मांग की गई है।

### आयुष्मान मामले में एएचपीआई की इमरजेंसी बैठक 25 को

**रायपुर।** एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ़ इंडिया (एएचपीआई) हॉस्पिटल बोर्ड छत्तीसगढ़ की आपात बैठक रविवार 25 जनवरी को रायपुर में बुलाई गई है। एएचपीआई के प्रदेश अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता ने बताया कि इमरजेंसी बैठक का एजेंडा आयुष्मान योजना में भुगतान प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए मांग, योजना में बढ़े हुए पैकज रेट को तुरंत लागू किए जाने पर जोर, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी द्वारा रेट रिवीजन में एकतरफा मनमानी पर रोक के लिए रणनीति, सभी प्रकार के क्लीनिक, नर्सिंग होम अस्पतालों में लागू यूजर चार्ज में युक्तिकरण तथानर्सिंग होम एक्ट में अन्य सभी लाइसेंस प्रक्रियाओं का लंबित युक्तिकरण पर चर्चा करना है।

### सतनामी वैवाहिक पत्रिका बंधन का विमोचन कल

**रायपुर।** गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा सतनामी वैवाहिक पत्रिका बंधन का विमोचन 22 जनवरी को दोपहर 1 बजे न्यू राजेंद्रनगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में किया जाएगा। इस वैवाहिक पत्रिका का विमोचन पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया करेंगे। पत्रिका में प्रदेश सहित देश के विभिन्न प्रांतो से पंजीकृत विवाहयोग्य युवक-युवतियों का बॉयोडाटा मिलेगा। अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि बंधन पत्रिका में 4 जनवरी को शहीद स्मारक भवन रायपुर में आयोजित राष्ट्र स्तरीय हाईटेक सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं 20 दिसंबर को धमतरी में आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन में भाग लिए सभी प्रतिभागियों का रंगीन फोटोयुक्त बायोडाटा प्रकाशित किया गया है। वैवाहिक पत्रिका के विमोचन बाद सभी प्रतिभागियों को निशुल्क दी जाएगी।

### ट्रक की ठोकर से घायल युवक ने तोड़ा दम

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने एक ट्रक चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281, 125 ए, 106-1 के तहत केस दर्ज किया है। ट्रक के चालक ने 29 दिसंबर 2025 को जोरा ओवरब्रिज पर बाइक सवार अभिषेक जांगड़े निवासी ग्राम छतौना मंदिर हसौद को टक्कर मार दी थी, जिससे उसे गंभीर चोटें आई थीं। घटना के बाद उसे उपचार के लिए मेकाहारा में दाखिल किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अब इस मामले में जांच के बाद ट्रक चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है।

# बंद होगा डीएलएड पाठ्यक्रम, बीते दो सत्रों से नए बीएड कॉलेजों को भी मान्यता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुछ वर्षों के अंतराल में डीएलएड पाठ्यक्रम लगभग बंद हो जाएंगे। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत डिप्लोमा पाठ्यक्रम का प्रावधान नहीं है। यही कारण है कि अब इसे 2030 तक क्रमबद्ध रुप से बंद किए जाने की तैयारी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्रों को बीच में पढ़ाई छोड़ने की छूट दी गई है। छात्र जितने वर्ष की पढ़ाई पूरी करेंगे, उसके आधार पर उन्हें सर्टिफिकेट, डिप्लोमा अथवा डिग्री प्रदान की जाएगी। जो छात्र बीएड की पढ़ाई एक वर्ष करेंगे, उन्हें डीएलएड की उपाधि मिल जाएगी। इस कारण पृथक रूप से डीएलएड पाठ्यक्रम संचालित नहीं होगा। गौरतलब है कि प्रदेश में बीएड की 14600 तथा डीएलएड की 6700 सीटें हैं। नई व्यवस्था से बीएड सीटें यथावत रहेंगी, लेकिन डीएलएड की सीटें क्रमशः कम होती जाएंगी।

शिक्षक बनने इन पाठ्यक्रमों का अध्ययन आवश्यक है। यही कारण है कि बीएड और डीएलएड की सीटें लगभग सभी वर्ष भर जाती हैं। न्यायालय के आदेश पश्चात वर्तमान सत्र में डीएलएड की मांग बढ़ी रही। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में पहली से पांचवी कक्षा तक अध्यापन के लिए डीएलएड डिग्री को अनिवार्य बताया था।

## नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन अगले सत्र के लिए प्रारंभ करेगा आवेदन

### बीते सत्र में 23 आवेदन



वहीं बीएड पाठ्यक्रम के स्थान पर बीएबीएड, बीएससी बीएड और बीकॉम बीएड का प्रावधान किया जा रहा है। यही कारण है कि प्लेन बीएड को भी अब मान्यता प्रदान नहीं की जा रही है। बीएड पाठ्यक्रमों के लिए मान्यता नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन द्वारा दी जाती है। बीते दो सत्रों में प्रदेश के किसी भी महाविद्यालय को बीएड पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति नहीं मिली है। पिछले शैक्षणिक सत्र में प्रदेश के 23 महाविद्यालयों ने बीएड पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए आवेदन किया था। इनमें से किसी भी महाविद्यालय को नवीन बीएड पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति नहीं मिली थी। अलगे सत्र के लिए भी नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन द्वारा कुछ दिनों के अंतराल में आवेदन प्रारंभ किए जाने की तैयारी है। इस बार भी प्लेन बीएड के स्थान पर बीएबीएड, बीएससीबीएड और बीकॉम बीएड प्रारंभ करने वाले संस्थानों को ही प्राथमिकता दी जाएगी।

### क्रमशः होंगे बंद

डीएलएड पाठ्यक्रम एक साथ बंद नहीं किया जाएगा। इसे क्रमश: बंद किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इसकी व्यवस्था नहीं होने के कारण ऐसा किया जा रहा है।

*- राजीव गुप्ता, संयोजक निजी बीएड कॉलेज संघ*

## बरामदगी के बाद सभी मोबाइल कुरियर के माध्यम से रायपुर मंगाए गए

# गुम हुए 200 मोबाइल 8 राज्यों से पुलिस ने ढूंढ निकाले, जिनके थे उन्हें लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पुलिस ने लोगों के गुम हुए 200 मोबाइल को न केवल ढूंढ निकाला, बल्कि उनके स्वामियों को लौटा भी दिए। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह की मौजूदगी में मंगलवार को बरामद किए गए मोबाइल को उनके स्वामियों को लौटाया गया। गुम हुए मोबाइल को रायपुर पुलिस ने उत्तरप्रदेश, राजस्थान, उड़ीसा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड, दिल्ली तथा बिहार राज्यों की पुलिस की मदद से ढूंढा हैं। बरामदगी के बाद सभी मोबाइलों को कुरियर के माध्यम से रायपुर मंगाए गए हैं, जिसके बाद इन मोबाइल को उनके स्वामियों के सुपुर्द किया गया।

- मोबाइल जमा करने वाले व्यक्ति को पुलिस प्रशासन सम्मानित करेगा



### बरामद किए गए मोबाइलों की कुल कीमत 40 लाख

एसएसपी ने बताया कि गुम हुए लोगों के मोबाइल को ढूंढने के लिए एंटी क्राईम एंड साईबर यूनिट तथा थानों की संयुक्त टीम को विशेष टीम बनाई गई है। यह टीम विशेष अभियान के तहत अलग-अलग राज्यों की पुलिस से संपर्क कर गुम हुए मोबाइल को ट्रेस करके उसका न केवल पता लगाया, बल्कि राज्य की पुलिस की मदद से इन मोबाइल को बरामद कर कूरियर के माध्यम से रायपुर भी मंगाए गए। उन्होंने बताया कि बरामद किए गए 200 मोबाइल की कुल कीमत 40 लाख रुपए आंकी गई हैं। मोबाइल आने के बाद उनके धारको को मोबाइल पर संपर्क कर उन्हें इसकी सूचना दी गई और मोबाइल तस्दीक कराकर उन्हें लौटाया गया।

### चालू वर्ष में डेढ़ करोड़ के 750 मोबाइल लौटाए गए

एसएसपी ने बताया कि वर्ष 2025 में अब तक 1 करोड़ 50 लाख रुपए कीमत के कुल 750 गुम हुए मोबाइल बरामद कर उनके द्वारा धारकों को लौटाया है। एसएसपी ने इस दौरान आम लोगों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में तत्काल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटसीइआईआरडॉटजीओवीडॉटइन पोर्टल में गुम होने के संबंध में जानकारी भेजे एवं अपने नजदीकी थाना या सायबर सेल में इसकी शिकायत दर्ज कराए, ताकि गुम हुए मोबाइल का किसी भी अपराध में उपयोग ना हो सके। इसके साथ ही पुलिस ने यह भी अपील की है कि लावारिस हालत में मिले मोबाइल को संबंधित क्षेत्र के मोबाइल थाना में ले जाकर जमा कराए। मोबाइल जमा करने वाले व्यक्ति को पुलिस प्रशासन सम्मानित करेगा।

# स्कूलों में अलग-अलग रखने होंगे काउंसिलर और वेलनेस शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई ने अपने संबद्ध स्कूलों में काउंसिलर और वेलनेस टीचर रखने के नियम में बड़ा बदलाव किया है। अब सभी स्कूलों में काउंसिलिंग और वेलनेस टीचर की जिम्मेदारी अलग-अलग विशेषज्ञों को निभारी होगी। इसका मकसद छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक विकास और करियर मार्गदर्शन को और मजबूत करना है। अब सभी सीबीएसई स्कूलों में काउंसलिंग एंड वेलनेस टीचर, जिसे सोशियो-इकोनॉमिकल काउंसिलर भी कहा गया है, की नियुक्ति होगी। यह व्यवस्था कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्रों पर लागू होगी। 500 छात्रों पर एक काउंसिलर रखना जरूरी होगा।

- पहली से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए व्यवस्था

सीबीएसई ने कहा है कि काउंसलर पोस्ट के लिए विशेषज्ञ के पास साइकोलॉजी या सोशल वर्क में ग्रेज्यूएशन या पोस्ट ग्रेज्यूएशन की डिग्री जरूरी होगी। अगर यह नहीं है तो किसी भी विषय में ग्रेज्यूएशन के साथ स्कूल काउंसिलिंग का डिप्लोमा मान्य होगा। इसके साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य और बच्चों की समस्याओं को समझने की ट्रेनिंग जरूरी होगी। सीबीएसई की ओर से निर्धारित 50 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करना भी अनिवार्य किया गया है।

### बड़ी कक्षाओं में पृथक काउंसिलर

कक्षा नवमी और दसवी के छात्रों के लिए अलग से कॅरियर काउंसिलर भी रखना होगा। 500 छात्रों पर एक कॅरियर काउंसिलर अनिवार्य होगा। कॅरियर काउंसिलर का काम छात्रों को करियर, कॉलेज, कोर्स और भविष्य की योजनाओं के बारे में गाइड करना होगा। इस पोस्ट के लिए योग्यता में ह्यूमिनिटीज, साइंस, मैनेजमेंट, एजूकेशन या टेक्नोलॉजी में यूजी या पीजी डिग्री जरूरी है। साथ में कॅरियर गाइडेंस अनुभव और सीबीएसई की 50 घंटे की ट्रेनिंग भी अनिवार्य है। यदि कॅरियर काउंसलर उपलब्ध न हो, तो स्कूल किसी प्रशिक्षित शिक्षक को अस्थायी रूप से यह जिम्मेदारी दे सकता है, लेकिन दो साल के भीतर पूरी योग्यता हासिल करनी होगी।

### जमीन और खेल मैदान से जुड़े नियम

सीबीएसई ने स्कूल खोलने के लिए जमीन की शर्तों में भी बदलाव किया है। सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के लिए सामान्य क्षेत्रों में न्यूनतम 6000 वर्ग मीटर जमीन जरूरी होगी। कुछ शहरों में सेकेंडरी स्कूलों के लिए 2400 से 3200 वर्ग मीटर और बड़े महानगरों में सीमित छूट के साथ 1600 से 2400 वर्ग मीटर का प्रावधान किया गया है। हर स्कूल में कम से कम 2000 वर्ग मीटर का खेल क्षेत्र अनिवार्य होगा। यदि स्कूल के पास पर्याप्त जगह न हो, तो नजदीकी खेल मैदान, स्टेडियम या पार्क से लिखित समझौता करना होगा। पुराने सीबीएसई स्कूलों को तुरंत राहत दी गई है, लेकिन उन्हें खेल और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

# कांग्रेस ने कानून व्यवस्था पर एसएसपी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध और आम नागरिकों में व्याप्त असुरक्षा को लेकर कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने बताया कि राजधानी रायपुर में हत्या लूट बलात्कार जैसी गंभीर आपराधिक घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे आमजन भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधियों में पुलिस का भय समाप्त होता जा रहा है जो अत्यंत चिंताजनक है।

- सभी थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध आहतों को बंद कराने की मांग

कांग्रेस ने तीन मांगें रखीं, जिनमें मासूम बच्ची के साथ हुए बलात्कार मामले में गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित की जाए। फाफाडीह स्थित त्रिवेणी पान ठेला परिसर में पास फोटोकॉपी दुकान में हुई जितेंद्र दास महंत की संदिग्ध मृत्यु की निष्पक्ष जांच, रायपुर शहर में अपराधों के पीछे सक्रिय नशे के कारोबार एवं अवैध गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण और सभी थाना क्षेत्रों में चल रहे अवैध अहातों एवं नशे के कारोबार को तत्काल बंद कराया जाए।

# राज्य आपदा मोचन निधि से 36 करोड़ से अधिक के प्रस्ताव की मंजूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में मंत्रालय में राज्य आपदा मोचन तथा आपदा न्यूनीकरण निधि की बैठक हुई। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत जिलों के प्रस्ताव एवं रायपुर शहर बाढ़ से मुक्त करने के लिए प्रस्तावों पर व्यापक चर्चा की गई एवं प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों के तहत सभी जिलों में राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा प्रशिक्षण तथा जिला स्तर पर बाढ़ से बचाव के प्रशिक्षण की स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्य सचिव ने बाढ़ आपदा से निपटने के लिए पहले से ही व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इससे बाढ़ आपदा के समय त्वरित सहायता प्रभावितों और पीड़ितों को दी जा सकेगी। मुख्य सचिव ने कहा, राज्य आपदा एवं न्यूनीकरण निधि से निर्धारित मापदण्डों के अनुसार बाढ़ प्रभावित जिलों में सड़क, जल संग्रहण एवं वॉटर रिचार्जिंग सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्यों को तकनीकी परीक्षण कराकर ठोस कार्य मजबूती से करायें।

### बस्तर के बाढ़ प्रभावित जिलों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति

उन्होंने कहा, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की गाईड लाईन के अनुसार आपदा प्रभावित निर्माण कार्यों को करायें। राज्य के बस्तर संभाग में अगस्त 2025 में हुई भारी मूसलाधार बारिश के कारण दंतेवाड़ा, बस्तर, सुकमा, बीजापुर बलरामपुर एवं जशपुर जिलों के बाढ़ से निर्मित स्थिति के संबंध में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने राज्य आपदा निधि से निर्माण कार्यों में विभिन्न जिलों में पुलिया, तटबंध, स्टापडेम, रिटनिंगवाल, सड़क आदि के निर्माण कार्यों के प्रस्ताव पर चर्चा कर जरूरी कार्यों के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

# भाजपा सरकार में गुजरात से तय हो रहे हैं कुलपति

**रायपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने छत्तीसगढ़ के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुये कहा, सभी कुलपतियों की नियुक्ति गुजरात के इशारे पर हो रही है। उन्होंने बताया सरकार बाकायदा इसके लिए डील करने गुजरात के एक व्यक्ति को प्रतिनियुक्ति पर लोकभवन में पदस्थ किया है और रिक्त कुलपतियों की नियुक्ति का सिलसिला तब तक शुरू नहीं किया गया जब तक उस व्यक्ति की यहां प्रतिनियुक्ति नहीं पायी। वह भी ऐसे प्रशासनिक पद पर जिसकी उसके पास मूल योग्यता ही नहीं है। उन्होंने यह भी कहा जब तक गुजरात के इस व्यक्ति की डील कुलपति के प्रतिभागी से नहीं हो जाती आदेश जारी नहीं होता हैं।



- गुजरात के व्यक्ति को लोकभवन में बनाया गया ओएसडी-धनंजय

***अब तक हुई नियुक्ति की जांच की मांग :*** उन्होंने मांग की है कि राज्य विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की अभी तक नियुक्ति की सूक्ष्म जांच किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी से कराया जाए। जांच एजेंसी गुजरात के इस व्यक्ति की अभी तक के कॉल डिटेल्स व लोकेशन की गंभीरता से जांच करे। साथ ही शासन के विभिन्न विभागों में अनावश्यक हस्तक्षेप की भी निगरानी करे तो स्पष्ट हो जाएगा।

# शंकराचार्य का अपमान सनातनी परंपराओं पर आघात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रयागराज माघ मेले में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए दुर्व्यवहार और उन्हें संगम स्नान से रोके जाने की घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने इस कृत्य को भारतीय संत परंपरा का अपमान और लोकतंत्र के लिए काला दिन बताया है। डॉ. महंत ने एक जारी बयान में कहा कि, मैं स्वयं एक कबीरपंथी हूं और हमारे संस्कारों में संतों का स्थान सर्वोपरि है। कबीर साहब ने सिखाया है कि 'साधु भूखा भाव का, धन का भूखा नाहिं। लेकिन बड़े खेद का विषय है कि वर्तमान सरकार धन और बल के अहंकार में संतों का सत्कार भूल गई है। उन्होंने कहा, शंकराचार्य को पालकी से स्नान के लिए जाने से रोकना सदियों पुरानी परंपराओं को कुचलने जैसा है। आज की सत्ता खुद को भगवान से भी बड़ा समझने लगी है। एक संत का स्थान राजा के सिंहासन से हमेशा ऊपर होता है, लेकिन पुलिस के जरिए संतों और बटुकों के साथ जो धक्का-मुक्की की गई, वह पराकाष्ठा है।



### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान पर की निंदा

**रायपुर।** ब्राह्मण समाज के संरक्षक एवं पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ प्रयागराज में किए गए अपमान की घोर निंदा करते हुए कहा कि उत्तरप्रदेश प्रशासन ने नोटिस देकर शंकराचार्यजी के पद की वैधता पर प्रश्न किया है, जो सर्वथा सरकार के अहंकार को प्रतिपादित करता है। उन्होंने कहा कि अब धर्म की वैधता भी सत्ता प्रमाणपत्र से आएगी? शंकराचार्य कोई चुनावी पद नहीं है कि केंद्र की सरकार पर्ची निकालकर तय करे। शंकराचार्य का पद मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति के अधीन नहीं है, इसे साधु-संत तय करते हैं। प्रयागराज में जो दृश्य उभरे हैं, वह केवल एक संत का अपमान नहीं, वरन सनातन धर्म का अपमान है।

# शहीद राजीव पांडे वार्ड में आठ नए कार्यों का किया भूमिपूजन

विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शहीद राजीव पांडे वार्ड में मंगलवार को रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे ने संजय नगर शिव मंदिर बकरा मार्केट के पास 8 नए कार्यो का भूमिपूजन किया। इनमें अधोसंरचना मद के 1 विधायक निधि के 5, प्रभारी मंत्री निधि के 1 और सांसद निधि के 1 कार्य शामिल है। कुल 8 नए कार्य 52 लाख 60 हजार रुपए की लागत से होंगे।

इस मौके पर विधायक सुनील सोनी ने कहा कि हम नगर निगम के साथ मिलकर रायपुर की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य करेंगे। जो काम प्रारंभ किए गए हैं उनका लाभ अगले 6 माह के भीतर मिलना प्रारंभ हो जाएगा। महापौर मीनल चौबे ने वार्ड के नागरिकों से कहा कि विकास कार्य के गुणवत्ता में यदि उन्हें कोई कमी दिखे तो वे इसे लेकर नगर निगम मुझसे सीधे शिकायत करें।

रायपुर दक्षिण विधानसभा के जोन 6 स्थित शहीद राजीव पांडे वार्ड में अधोसंरचना मद से 5 लाख में सभी गली में सामुदायिक भवन, दक्षिण विधायक निधि से संजय नगर गार्डन का निर्माण 9 लाख में, प्रभारी मंत्री निधि से गोंडवाना भवन टिकरापारा में श्रमिकों के लिए शेड निर्माण, सांसद निधि मद से रावणभाठा रिंग रोड संजय नगर में सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराया जाएगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद एवं जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, नगर निगम लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड पार्षद प्रमोद कुमार साहू, शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड पार्षद रमेश सपहा सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# लाइलाज है फाइलेरिया, संक्रमण रोकने 18 जिलों में दवा खिलाएगा स्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वैसे तो फाइलेरिया (हाथीपांव) की बीमारी इलाज है मगर जरूरी दवाओं का उपयोग कर इसके संक्रमण से बचा जा सकता है। रायपुर के शहरी इलाके सहित राज्य के 18 जिलों के लोगों को स्वास्थ्य विभाग इससे संबंधित खिलाएगा। फाइलेरिया का संक्रमण कूलेक्स और मैनसोनिया नामक मच्छरों के काटने से फैलता है।

- 10 फरवरी को अभियान तैयारियों के लिए राज्य स्तर पर हुई बैठक

राज्य को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग साल में दो बार यानी फरवरी और अगस्त में अभियान चलाता है। इस बार दस फरवरी को रायपुर समेत चिन्हित अन्य जिलों में इसके संक्रमण से बचाव वाली दवा खिलाई जाएगी। चिकित्सकों के मुताबिक यह संक्रमण विशेष मच्छरों के काटने से फैलता है। इससे शरीर खासकर पैरों में सूजन आने के साथ हाइड्रोसील जैसी गंभीर समस्याएं होती है। बीमारी होने के बाद इसका इलाज संभव नहीं मगर आवश्यक दवा का सेवन कर इसे रोका जा सकता है। अगले माह यानी दस फरवरी को इसकी दवा खिलाने अभियान चलाया जाएगा। इसे लेकर स्वास्थ्य भवन में दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला मलेरिया अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, व्हीबीडी सलाहकार एवं टेक्निकल सुपरवाइजरों ने सहभागिता की। एमडीए अभियान राज्य के 18 जिलों के 65 विकासखंडों में संचालित किया जाएगा।



### डेढ़ करोड़ को दवा खिलाने का लक्ष्य

अभियान के अंतर्गत राज्य की लगभग 1 करोड़ 58 लाख से अधिक जनसंख्या को बूथों के माध्यम से तथा घर-घर जाकर दवाओं का सेवन कराया जाएगा। अभियान के दौरान हितग्राही ना छूटे इसके लिए मॉपअप राउंड भी पूरा किया जाएगा। पिछली बार यानी अगस्त महीने में चलाए जाने वाले अभियान को इससे संबंधित दवा में समस्या आने की वजह से स्थगित किया गया था।

### रात में होती है सैंपलिंग

फाइलेरिया की जटिल बीमारी की तरह इसकी पहचान के लिए होने वाली जांच में काफी जटिल होती है। इसके लिए रात में लिए गए खून के सैंपल की माइक्रोस्कोप जांच की जाती है। इसके अलावा फाइलेरिया प्रभावित अंग की गंभीरता का पता लगाने के लिए अन्य तरह की टेस्टिंग की जाती है। अफसरों के मुताबिक एमडीए केवल दवा वितरण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि सुनिश्चित दवा सेवन इसकी सफलता की कुंजी है।